# सब का सपना

निष्पक्ष व निडर साप्ताहिक समाचार पत्र




वर्ष–01 अंक–33 अमरोहा उत्तर प्रदेश www.sabkasapna.com सोमवार ● 12 अगस्त से 18 अगस्त 2024 पेज–08 मूल्य 5 रूपये













सब का सपना अखबार की ओर से सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस व रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं








































































# धरने पर बैठे किसान की हार्टअटैक से मौत

**अमरोहा।** रजबपुर क्षेत्र के गांव कूबी में भूमि के मुआवजे की मांग को धरने पर बैठे किसान की हार्टअटैक से मौत हो गई। हालांकि किसानों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक से उसे मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत से साथियों में रोष है। उन्होंने अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शव धरना स्थल पर रखा और आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी।

गांव कूबी में 529 दिनों से किसान भूमि के मुआवजे की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं। हाईवे के लिए अधिग्रहण की गई भूमि का मुआवजा सर्किल रेट से चार गुना अधिक मांग रहे हैं। हालांकि कई बार किसानों व अधिकारियों की वार्ता हुई। लेकिन किसान अपनी मांग पर अड़े हुए हैं। रविवार को धरने पर बैठे किसान सुरेन्द्र शर्मा की हालत बिगड़ गई। किसानों ने उन्हें अमरोहा में चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया।

लेकिन इलाज से पहले ही सुरेन्द्र शर्मा ने दम तोड़ दिया। बताया कि किसान को हार्टअटैक आया था। साथी की मौत पर किसानों में रोष है। किसान शव को लेकर धरना स्थल पर पहुंच गए। मृतक किसान के परिवार को आर्थिक मुआवजा दिलाए जाने की मांग की। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। कुछ ही देर बाद एडीएम मायाशंकर यादव व एसडीएम सदर सुधीर कुमार सिंह भी पहुंच गए। किसानों ने चार गुना मुआवजा व मृतक के परिवार को आर्थिक मदद की मांग की। एडीएम ने किसानों को आश्वासन दिया है। किसानों ने बताया कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

**गांव कूबी में 529 दिनों से किसान भूमि के मुआवजे की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं। हाईवे के लिए अधिग्रहण की गई भूमि का मुआवजा सर्किल रेट से चार गुना अधिक मांग रहे हैं। हालांकि कई बार किसानों व अधिकारियों की वार्ता हुई। लेकिन किसान अपनी मांग पर अड़े हुए हैं। रविवार को धरने पर बैठे किसान सुरेन्द्र शर्मा की हालत बिगड़ गई।**





एक नजर

## चारों तरफ पसरी हैं, फलक तक बिखरी हैं अम्बर पर छाईं हैं...

चारों तरफ पसरी हैं,
फलक तक बिखरी हैं।
अम्बर पर छाईं हैं,
बूंदों में आईं हैं... खामोशियाँ।
यूँ तो हर ओर है
गूँजता सा शोर है।
फिर भी सन्नाटे सी
हर शह में समाई हैं... खामोशियाँ।
हर इंसा परेशान है,
बेबसी में जान है।
चीखता बेजार है,
पर, होठों में दबाई हैं... खामोशियाँ।
बेमतलब सी चाहें हैं
मुश्किल सी राहें हैं।
दिल जलाकर रोशनी की,
अंधेरों में खींच लाई हैं... खामोशियाँ।



प्रियंका भारद्वाज

# हम गरीब लोग हैं साहब हमें न्याय दिला दो, एक विधवा मां ने की निष्पक्ष जांच की मांग

**चन्दौसी/संभलः–** गोली मारने के आरोप में 27 जुलाई की रात्रि को राशन डीलर प्रेमपाल को गोली मारने की खबर जैसे ही पुलिस को लगी तभी पुलिस ने तीन लोगो को उसी रात्रि में उनके घर से पूछताछ करने के बहाने उठाकर कोतवाली ले गयी। जिसके बाद पुलिस ने तीन दिन हिरासत में रखने के बाद चौथे दिन तीनो लोगो को जेल भेज दिया था।

शनिवार को तीनों लोगों के परिजन सर्म्पूण समाधान में दिवस में पहुंचे और झूठे मुकदमे में फंसाये गये तीनों लोगों के मामले की जांच किसी उच्चाधिकारी से निष्पक्ष रूप से कराने की मांग की।

जहां जिलाधिकारी राजेन्द्र पैसिया व पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने उन्हें निष्पक्ष जांच कर न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। तीनों लोगो के परिजनों ने दिये गये प्रार्थना पत्र में बताया कि त्रिवेणी देवी विधवा औरत है जिसके दो लडके हेमंत और दिलीप है जिनको प्रेमपाल राशन डीलर ने 50 लाख की जमीन हडपने के चक्कर में षडयंत्र रच उसके दोनों पुत्रों व मौहल्ले के श्यामलाल को झूठे मुकदमें में फंसाया है। उसने बताया कि अपने दोनो बेटों के साथ वह घर पर ही सो रही थी। 27 जुलाई दिन शनिवार की रात्रि को उसके दोनों बेटों व मौहल्ले के ही श्यामलाल पुत्र रामचन्द्र को पूछताछ के बहाने पुलीस घर से उठाकर ले गयी। महिला द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र में महिला नेआरोप लगाया कि मौहल्ले का ही जयवीर पुत्र होतीराम भी इस पुरे खेल में शामिल है क्यूंकि वह प्रेमपाल का साथी है और दोनों पर पहले से धोखाधडी के अन्य मुकदमें दर्ज हैं। बताया जा रहा है कि त्रिवेणी देवी को जमीन दिलवाने का कार्य भी उक्त लोगों का ही है। जमीन दिलवाने के बाद जयवीर ने महिला का कब्जा भी नहीं होने दिया।

अब महिला की जमीन भी चली गयी पैसे भी चले गये, और दोनो निदोष बेटों को षडयंत्र रच फर्जी मुकदमे में फंसाकर जेल भेज दिया। इधर श्यामलाल मौर्या का भी इस मामले में कोई लेना–देना नहीं था उन्हें भी उल्टी–सीधी धारा लगाकर फंसा दिया गया। 30 जुलाई को निदोष व्यक्तियों के परिजनों के साथ भारी संख्या में मौर्या, शाक्य, कुशवाहा, सैनी व अन्य पिछडा वर्ग समाज के लोग पहुंचे वहां भी उनको न्याय दिलाने की बात कही गयी थी।

### गोली कांड आरोपियों के परिजनों को जान–माल का खतरा

गोली कांड में फंसाये गये तीन निदोष लोगो के परिजनों ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में दिये गये प्रार्थना पत्र मे जिक्र किया है कि साहब हमारे परिवारों के सदस्यों में भय व्यापत है। हमें व हमारे परिजनों को जान–माल का खतरा बना हुआ है । हमारे साथ कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है क्यूंकि जिस राशन डीलर प्रेमपाल ने पुलिस से मिलकर व राजनीतिक सहारा लेकर उनके घर के तीन निदोष सदस्यों को झूठे मुकदमें में फंसाया है।



# महाविद्यालय में किया गया हर घर तिरंगा का आयोजन, निकाली गई रैली, बनाया गया सेल्फी प्वाइंट

**रहरा/अमरोहा (मनोज शर्मा) :–** सोमवार को महाविद्यालय में हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत गंगेश्वरी में तिरंगा रैली निकाली गई रैली में छात्र–छात्राओं ने पैदल, साइकिल, मोटरसाइकिल, और कार से भी हिस्सा लिया। छात्र–छात्राओं के द्वारा देश भक्ति नारे लगाए गए व हर घर तिरंगा गीत का वादन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय में वृक्षारोपण एवं साफ सफाई का कार्यक्रम भी हुआ। इसके अतिरिक्त एक सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया जहां पर महाविद्यालय परिवार के सदस्यों सहित छात्र–छात्राओं ने सेल्फी ली और उसे साइड पर अपलोड किया गया। कार्यक्रम की प्रभारी डॉक्टर बंदना भारद्वाज ने छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए तिरंगा प्रतिज्ञा के विषय में जानकारी दी साथ ही उन्होंने कहा कि हम सभी को तिरंगे के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए। इस अवसर पर डॉक्टर वंदना भारद्वाज, धर्मेंद्र सिंह, विजेंद्र सिंह, तोताराम, मुकेश सहित समस्त स्टाफ महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।



# जानलेवा हमले के दोषी तीन सगे भाइयों को सात–सात साल की सजा

**अमरोहा,** । जानलेवा हमले के मामले में कोर्ट ने तीन सगे भाइयों को सात–सात साल जेल की सजा सुनाई है। दोषियों पर 35 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

यह घटना हसनपुर कोतवाली क्षेत्र में 9 अगस्त 2014 को गांव सिहाली जागीर में हुई थी। यहां रहने वाले अशफाक बाजार से सामान खरीदने गए थे। इस दिन गांव के ही बिलाल, कमाल व जमाल के घर पर एक मामले को लेकर दिल्ली पुलिस आई थी।

अशफाक ने जब दिल्ली पुलिस के आने का कारण पूछा तो तीनों भाइयों ने गाली–गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर बिलाल ने तमंचा से फायर कर दिया था। गोली लगने से अशफाक घायल हो गए। भागते समय बिलाल ने तमंचा से दूसरा फायर झोंक दिया था। हालांकि गोली अशफाक के पास से गुजर गई। घायल अशफाक के भाई शबाब खान ने आरोपी तीनों भाइयों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। तीनों जमानत पर थे। मामले की सुनवाई अपर



जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय नसीमा की कोर्ट में हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से एडीजीसी देवेश नगर ने मजबूत पैरवी की। शुक्रवार को कोर्ट में अंतिम सुनवाई हुई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने बिलाल, कमाल व जमाल को दोषी करार दिया। तीनों को सात–सात साल जेल की सजा सुनाई गई।

# किरनपाल सिंह उर्फ बंटी प्रधान बने भा.कि.यू.भूमि के राष्ट्रीय सचिव

**हसनपुर/अमरोहा** (सब का सपना):– भारतीय किसान यूनियन भूमि की राष्ट्रिय स्तरीय बैठक शुक्रवार को दियाबली खालसा मे बंटी प्रधान के आवास पर संपन्न हुई।

इसमें राष्ट्रिय कोषाध्यक्ष ने संगठन का राष्ट्रिय सचिव किरनपाल सिंह उर्फ बंटी प्रधान को मनोनीत किया। बंटी प्रधान काफी लम्बे समय से किसानो की आवाज़ को बुलंद करते रहें हैं। बंटी प्रधान ने बताया कि आज़ादी से लेकर आज तक सत्ता में इतने ज्यादा परिवर्तन हुए है, लेकिन किसी भी सरकार ने किसानों की सुध नहीं ली।

वे किसानों के हक के लिए उनकी आवाज बुलंद करेंगे और हक के लिए हमेशा संघर्ष करते रहेंगे। पंचायत चुनाव में उसी राजनीतिक पार्टी का समर्थन करेंगें, जिसके घोषणा पत्र में किसानों की समस्याएं शामिल होगी। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शबाब खान, राष्ट्रीय प्रवक्ता अंसार मलिक, प्रदेश अध्यक्ष शीशपाल कटारिया, प्रदेश प्रभारी सोनू नागर, रविंद्र गुर्जर, विजेंद्र सिंह, अकल सिंह, उद्दल सिंह सोराज सिंह, रामपाल सिंह, कमल सिंह, अंकुर सिंह, अजयपाल सिंह, पंकज सिंह, अजय कुमार, सुरेश सिंह, रवि कुमार, उचित शर्मा, नरेश सिंह, रामकुंवर, राजीव, चौखा सिंह, धर्मेंद्र, भूदेव, विवेक गुर्जर आदि लोग उपस्थित रहे।



# हाईवे पर गजरौला में टकराईं बाइकें, दो कांवड़ियों की मौत

**गजरौला (अमरोहा)।** हाईवे पर रविवार देर रात कांवड़ियों की दो बाइक आमने–सामने टकरा गईं। जिससे दो कांवड़ियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन कांवड़िये घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

डिडौली थाना क्षेत्र के गांव पतेई खालसा निवासी गौरव पुत्र गुड्डू रविवार रात बाइक से गांव निवासी दीपक के साथ बृजघाट से गंगाजल लेने के लिए जा रहा था। उधर, बरेली के फतेहगंज निवासी राजकुमार अपने साथ रामेश्वर व जसपाल के साथ बाइक से बृजघाट से गंगा जल भरकर लौट रहा था। बाइक से जैसे ही हाईवे पर गजरौला के निकट पहुंचे दोनों की बाइक आमने–सामने से टकरा गईं।हादसे में राजकुमार व गौरव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दीपक, रामेश्वर व जसपाल घायल हो गए। पुलिस व राहगीरों ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सक ने रामेश्वर व जसपाल की हालत गंभीर देखकर प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। उधर, हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया। गजरौला थाने के प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं।



# गजरौला में कार ने मारी टक्कर, दंपति की मौत...बृजघाट जा रहा था परिवार

**मुरादाबाद।** हाईवे पर कार की टक्कर से स्कूटी सवार दंपति की मौत हो गई। जबकि उनकी 12 वर्षीय बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

मुरादाबाद के मझोला थाना क्षेत्र के मोहल्ला खुशहालपुर की प्रीत विहार कॉलोनी निवासी संजीव गुप्ता (48) अपनी पत्नी दुर्गा गुप्ता (45) व 12 वर्षीय बेटी पूर्वी गुप्ता के साथ शनिवार देर रात स्कूटी से बृजघाट के लिए घर से निकले थे। इसी दौरान नेशनल हाईवे पर गजरौला के निकट सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में संजीव गुप्ता की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दुर्गा गुप्ता (45) व बेटी पूर्वी गंभीर रूप से घायल हो गईं। दोनों घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

चिकित्सक ने दोनों की हालत गंभीर देखकर प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। टीएमयू में उपचार के दौरान दुर्गा गुप्ता ने दम तोड़ दिया जबकि बेटी पूर्वी का उपचार किया जा रहा है।

# डॉ राजीव त्यागी ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान से की शिष्टाचार भेंट



**अमरोहाः** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित उत्तर भारत के सबसे बड़े शैक्षिक समूह में से एक वेंकटेश्वर समूह के लिए आज का दिन बेहद खास रहा। वेंकटेश्वरा समूह के संस्थापक अध्यक्ष डॉ सुधीर गिरी के निर्देश पर उनके आधिकारिक प्रतिनिधि एवं वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय के प्रतिकूलाधिपति डॉक्टर राजीव त्यागी ने केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री भारत सरकार चिराग पासवान से एक शिष्टाचार भेंट की, एवं विश्वविद्यालय द्वारा ऑर्गेनिक फार्मिंग व फूड प्रोसेसिंग की दिशा में चलाया जा रही नवीनतम पाठ्यक्रम और तकनीक की विस्तार से जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री भारत सरकार ने भी डॉ राजीव त्यागी को सरकार की तरफ से फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में शैक्षणिक रूप से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। विश्वविद्यालय की तरफ से श्री चिराग पासवान को निमंत्रण दिए जाने पर उन्होंने इसको स्वीकार करते हुए आगामी सितंबर माह में विश्वविद्यालय के ₹दीक्षांत समारोह₹ में शामिल होने की बात कही ।

राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय के प्रतिकूलाधिपति एवं समूह अध्यक्ष डॉक्टर सुधीर गिरी के आधिकारिक प्रतिनिधि डॉ राजीव त्यागी ने नई दिल्ली स्थित भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान से शिष्टाचार भेंट करते हुए उन्हें श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय द्वारा एग्रीकल्चर एवं फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में चलाए जा रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों एवं नवाचारों व अनुसंधान की जानकारी दी, इसके साथ ही उन्होंने सितंबर माह में उनको विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में आने का निमंत्रण भी दिया, जिसको स्वीकार करते हुए उन्होंने सितंबर प्रथम सप्ताह दीक्षांत समारोह में आने की बात कही। चिराग पासवान ने वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षा स्वास्थ्य व एग्रीकल्चर के क्षेत्र में किया जा रहे शानदार कार्यो की प्रशंसा करते हुए उन्हें रिसर्च में अनुसंधान के लिए सरकार से हर संभव तकनीकी मदद का भरोसा भी दिलाया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वेंकटेश्वरा समूह के संस्थापक अध्यक्ष डॉ सुधीर गिरी के आधिकारिक प्रतिनिधि एवं विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति डॉ राजीव त्यागी ने अपराह्न 2:00 बजे केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री भारत सरकार श्री चिराग पासवान से नई दिल्ली स्थित उनके मंत्रालय में शिष्टाचार भेंट की, एवं उन्हें विश्वविद्यालय की तरफ से स्मारिका, बुके एवं स्मृति चिह्न भेंट किया, इसके साथ ही डॉ त्यागी ने विश्वविद्यालय द्वारा पिछले 20 वर्षों में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए गए शानदार कार्यों की रिपोर्ट भी माननीय केंद्रीय मंत्री को प्रस्तुत की, जिसकी प्रशंसा करते हुए केंद्रीय मंत्री ने सरकार की तरफ से वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय को हर संभव तकनीकी मदद का भरोसा दिलाया। इसके साथ ही सितंबर माह में होने वाले दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय के निमंत्रण पर वहां पर आने का वायदा भी किया। डॉ राजीव त्यागी ने बताया कि वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय अब तक एग्रीकल्चर, फूड प्रोसेसिंग, ऑर्गेनिक फार्मिंग आदि के क्षेत्र में दुनिया के दिग्गज चार दर्जन से अधिक देशों के साथ साझा शैक्षणिक कार्यक्रम पर एमओयू साइन कर चुका है। डॉ त्यागी ने आगे बताया कि वेंकटेश्वर उच्च शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा, के साथ–साथ स्वास्थ्य के क्षेत्र में पिछले दो दशक से ज्यादा से उत्तर भारत विशेष रूप से पश्चिम उत्तर प्रदेश के युवाओं को शिक्षा एवं रोजगार देने का शानदार कार्य कर रहा है। इस अवसर पर लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डॉ जावेद फारुकी, प्रधान सलाहकार प्रोफेसर वीपीएस अरोड़ा, सीईओ अजय श्रीवास्तव, कुलपति प्रोफेसर कृष्णकांत दवे, कुलसचिव पीयूष पांडे, डॉ राजेश सिंह, डॉ दिव्या गिरधर, डॉ योगेश्वर शर्मा, डॉ दिनेश गौतम, डॉ राजवर्धन सिंह, डॉ आशुतोष सिंह, डॉ टीपी सिंह, डॉ सीपी सिंह, डॉ नीतू पवार, अरुण गोस्वामी, मारूफ़ चौधरी, एस एस बघेल, मेरठ परिसर से निदेशक डॉ प्रताप सिंह एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि ने बधाइयां प्रेषित की है।

# मुरादाबाद : स्वतंत्रता दिवस को लेकर रेलवे अलर्ट

**मुरादाबाद**, स्वतंत्रता दिवस और आगामी त्योहार के मद्देनजर राजकीय रेल पुलिस अलर्ट हो गई है। जिसके तहत जीआरपी ने देर रात मुरादाबाद रेलवे स्टेशन समेत मंडल के अन्य स्टेशनों पर पर चेकिंग अभियान चलाकर चप्पा-चप्पा खंगाला। राजकीय रेल पुलिस की टीम ने यात्रियों के बैग चेक किए और संदिग्ध लोगों से पूछताछ की।

स्वतंत्रता दिवस और आगामी पर्व रक्षा बंधन के तहत रेलवे स्टेशन परिसर और ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ अधिक होती है। जिसके तहत आरपीएफ व जीआरपी रेलवे स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान सुरक्षबलों ने सरकुलेटिंग एरिया, बुकिंग काउंटर, वाहन स्टैंड, आरक्षण केंद्र, खानपान स्टॉल और प्लेटफार्मों के साथ ही यात्रियों के सामानों की तलाशी ली। इतना ही नहीं प्लेटफार्मों पर खड़ी ट्रेनों में भी यात्रियों के बैगों को चेक किया गया। हालांकि चेकिंग के दौरान किसी प्रकार की वस्तु नहीं मिली।

जीआरपी प्रभारी निरीक्षक उदयवीर सिंह ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस और अन्य त्योहारों के दौरान यात्रियों की भीड़ ज्यादा रहती है। इसलिए रेलवे स्टेशन पर चौकसी बढ़ा दी गई है। उन्होंने यात्रियों से अपील करते हुए कहा है कि किसी भी लावारिस वस्तु दिखने पर तुरंत जीआरपी को सूचित करें और किसी अंजान व्यक्ति से खाने-पीने की चीज लेकर न खाएं।

**स्वतंत्रता दिवस और आगामी पर्व रक्षा बंधन के तहत रेलवे स्टेशन परिसर और ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ अधिक होती है। जिसके तहत आरपीएफ व जीआरपी रेलवे स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान सुरक्षबलों ने सरकुलेटिंग एरिया, बुकिंग काउंटर, वाहन स्टैंड, आरक्षण केंद्र, खानपान स्टॉल और प्लेटफार्मों के साथ ही यात्रियों के सामानों की तलाशी ली। इतना ही नहीं प्लेटफार्मों पर खड़ी ट्रेनों में भी यात्रियों के बैगों को चेक किया गया।**





## संक्षेप खबरें

### पिता के चालीसवें में लाउडस्पीकर लगा रहे बेटे की करंट से मौत



**संभल/असमोली**, असमोली थाना क्षेत्र में पिता के चालीसवें पर मिलाद कराने के लिए छत पर लाउडस्पीकर लगाते समय बेटे की करंट से मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। असमोली विधायक पिंकी यादव ने परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिया।

थाना क्षेत्र के गांव रामनगर निवासी जब्बार की चालीस दिन जबकि उनकी पत्नी रुखसाना की 20 दिन पहले बीमारी के चलते मौत हो गई थी। रविवार को जब्बार का चालीसवां और रुखसाना का बीसवां था। पिता जब्बार के चालीसवें पर उनका बेटा शाने आलम (18 वर्ष) परिजनों के साथ मिलकर मिलाद की तैयारी कर रहा था। छत पर चढ़कर शाने आलम लाउडस्पीकर लगा रहा था। लाउडस्पीकर में करंट उतर आया जिससे शाने आलम करंट की चपेट में आकर छत से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में परिजन उसे लेकर असमोली में स्थित निजी चिकित्सक के पास पहुंचे, लेकिन हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने घायल को रेफर कर दिया। जिसके बाद परिजनों ने शाने आलम को उपचार के लिए मुरादाबाद निजी अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन उपचार दौरान उसकी मौत हो गई। असमोली थाना क्षेत्र के रामनगर गांव में जब्बार के परिवार पर दुखों का ऐसा पहाड़ टूटा है कि परिवार ही नहीं गांव भर में गम का माहौल है।

## पुलिस ने तीन शातिर चोरों को किया गिरफ्तार, ग्रामीण इलाकों में करते थे चोरी

**मुरादाबाद**। थाना कुंदरकी इलाके में मंगलवार को पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने चोरी किया हुआ कुछ सामान भी बरामद किया है। पुलिस लाइन में एसपी देहात संदीप कुमार मीणा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस घटना का खुलासा किया है।

एसपी देहात ने बताया कि थाना कुंदरकी इलाके में पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान तीन लोगों को रोककर उनकी तलाशी ली। इनके पास से चाकू और कुछ अन्य सामान मिला। पुलिस तीनों को हिरासत में लेकर थाना कुंदरकी पहुंची। पूछताछ में तीनों शातिर चोरों ने पुलिस को बताया कि उनका नाम पंकज, नबिया उर्फ कालिया और फिरोज है। वह तीनों साथ मिलकर ग्रामीण इलाकों में बने मकानों के पिछले हिस्से की दीवारों में कुमल लगाकर वहां चोरी की घटना को अंजाम देकर घर में रखे जेवर नगदी मोबाइल फोन सहित कीमती चीज़ों को चुराकर फरार हो जाते थे। फिर उन्हें बेचकर मौज मस्ती करते थे।




पुलिस लाइन में एसपी देहात संदीप कुमार मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि तीनों शातिर चोरों के पकड़े जाने से कई चोरी की घटनाओं का खुलासा हुआ है। चोरों से चोरी किए गए सामान में से कुछ सामान की बरामदगी की की गई है। एसपीआरए ने बताया कि पुलिस इन बदमाशों को न्यायालय में पेश कर वहां से इनको रिमांड पर लेकर और सख्ती से पूछताछ करेगी कि अब तक यह कहां-कहां चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। ग्रामीण इलाकों में रात को होने वाली चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगेगा।

## संभल : सर्राफा कारोबारी की दुकान से 25 लाख के जेवर चोरी, महिला गिरफ्तार

**संभल**। शहर में 250 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद पुलिस ने सर्राफा कारोबारी की दुकान से 25 लाख रुपये के जेवर का डिब्बा चुराने वाली महिलाओं का पता लगा लिया। पुलिस ने वारदात में शामिल तीन में से एक महिला को गिरफ्तार कर आठ लाख के जेवर बरामद कर लिए हैं।

मोहल्ला ठेर सर्राफा बाजार में राजश्री आभूषण भंडार से एक सप्ताह पहले तीन महिलाएं 25 लाख रुपये कीमत के जेवर का डिब्बा चुराकर ले गई थीं। दुकान मालिक पंकज अग्रवाल दुकान पर थे तभी पहुंचीं तीन महिलाओं ने जेवर पसंद करने शुरु किये और फिर गल्ले के पास रखा 25 लाख की कीमत का जेवर का डिब्बा चोरी कर लिया।

अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश्चंद्र व सीओ अनुज कुमार चौधरी ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस ने वारदात में शामिल महिलाओं तक पहुंचने के लिए शहर के 250 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को देखा। इसी से पता चला कि खग्गू सराय निवासी सायना भी उन तीन महिलाओं में से एक थी जो जेवर चुराकर ले गई थी।




पुलिस ने सायरा को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उसने बताया कि सायना ने कोहिनूर तिराहा मुरादाबाद में रहने वाली बहन सायरा और पीर बाजार मझोला मुरादाबाद निवासी सायबा भी जेवर चोरी में उसके साथ थीं।

पुलिस ने सायना के पास से आठ लाख रुपये के जेवर बरामद किए हैं। एएसपी ने बताया कि बाकी जेवर सायना व सायबा के पास हैं। उन्हें पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

### सपा नेता के बेटे ने राइफल से गोली मारकर की आत्महत्या

**बहजोई/संभल**। सपा नेता के बेटे ने घर में रखी लाइसेंसी राइफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। जैसे ही गोली की आवाज पर परिजनों ने सुनी तो वह मौके पर पहुंचे। परिजनों ने पुलिस के पहुंचने से पहले आनन फानन मृतक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। बहजोई बबराला मार्ग स्थित निवासी सपा नेता शीतल यादव का 22 वर्षीय बेटा चितरंजन अपने घर के कमरे में बैठा हुआ था।

तभी परिजनों को गोली चलने की आवाज सुनाई दी। वह आनन फानन में बेटे के कमरे में पहुंचे तो उन्होंने देखा कि चितरंजन लहूलुहान हालत में बेड़ पर पड़ा हुआ था। लाइसेंसी राइफल उसके नजदीक पड़ी हुई है। युवक की मौत से सभी परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन तथा अन्य लोग आनन फानन युवक का शव बहजोई की शमशान भूमि पर ले गए और अंतिम संस्कार कर दिया।

अंतिम संस्कार के बाद घटनास्थल पर कोतवाल योगेश कुमार पहुंच गए। जहां उन्होंने युवक की मौत के बारे में जानकारी की। कोतवाल योगेश कुमार ने बताया कि युवक ने लाइसेंसी राइफल से गोली मारकर आत्महत्या की है। परिजनों द्वारा किसी भी कार्रवाई से इन्कार किया है।

## मोबाइल नहीं दिलाने पर 10वीं के छात्र ने फंदे से लटककर दी जान...

**संभल**। जुनावई थानाक्षेत्र में मोबाइल नहीं दिलाने पर 10वीं के छात्र ने फंदे से लटककर जान दे दी। छात्र की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस बिना कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।



जुनावई थानाक्षेत्र के गांव रिबाड़ा निवासी नरेश कुमार का 16 वर्षीय बेटा अनुज कुमार उर्फ छोटू प्रेमपाल सिंह इंटर कॉलेज सैंजना मुस्लिम में कक्षा 10 का छात्र था। रविवार सुबह अनुज ने मां उर्मिला देवी से मोबाइल दिलाने को कहा। मां ने कहा कि अभी वह कक्षा 10 में है, बाद में मोबाइल दिला देंगे।

जिसके बाद अनुज गुस्सा होकर पड़ोस में बैठक में जाकर बैठ गया। बड़ा भाई और मां उर्मिला अपने काम में घर पर व्यस्त हो गए। अनुज ने बैठक में पढ़ने के बहाने पुस्तकों को खोल कर अपने पास में रख लिया। कहीं से रस्सी लाने के बाद छत के गार्डर में रस्सी बांध कर फंदे से लटक गया। कुछ देर बाद बड़ा भाई किशन बैठक में पहुंचा तो उसके होश उड़ गए। किशन कुमार ने चीखते चिल्लाते हुए अनुज के गले में बंधी रस्सी को खोल कर अलग किया। मोहल्ले के लोग और परिजन अनुज को उपचार के लिए बबराला ले जा रहे थे तो रास्ते में उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

## तिरंगा यात्रा निकालकर राष्ट्रीय भावना को दी मजबूती

**मुरादाबाद**। भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से स्वतंत्रता दिवस आयोजन के क्रम में मंगलवार को बुद्धि विहार स्थित पार्टी कार्यालय से तिरंगा यात्रा निकाली गई। महानगर में निकली यात्रा के मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री व राज्यसभा सांसद अरुण कुमार रहे। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारी आन व शान है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पार्टी हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से सभी में देशभक्ति और राष्ट्रीयता की भावना को और मजबूत करने के लिए तिरंगा यात्रा निकाल रही है।

युवा मोर्चे के महानगर अध्यक्ष अभिषेक चौबे की मौजूदगी में महानगर में निकली यात्रा में भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा, पूर्व महानगर अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा, मीडिया प्रभारी अर्चित गुप्ता सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी शामिल रहे। तिरंगा यात्रा ग्रामीण क्षेत्रों में भी निकाली गई।



### युवकों ने दो साल पहले छात्रा को अगवा कर किया दुष्कर्म, अब किया वीडियो वायरल, रिपोर्ट दर्ज

**संभल**। कॉलेज से लौट रही बीए की छात्रा को दूसरे समुदाय के युवक ने अपने दो साथियों की मदद से अगवा कर उसके साथ दुष्कर्म किया था। जबकि युवक के साथियों ने दुष्कर्म की वीडियो बनाई। अब इस वीडियो को वायरल कर दिया। घटना असमोली थाना क्षेत्र के गांव की है। डीआईजी के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।



असमोली थाना क्षेत्र में पिछले एक माह से एक लड़की के साथ दुष्कर्म का वीडियो वायरल हो रहा था। एक व्यक्ति ने युवती को पहचान लिया तो वीडियो युवती के पिता को दिखाया। पिता ने बेटी से पूछा तो उसने बताया कि दो साल पहले वह कॉलेज से घर लौट रही थी तब दूसरे समुदाय के तीन युवक उसे अगवा कर एक मकान में ले गये थे। मकान में एक युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया जबकि दो ने दुष्कर्म की वीडियो बनाई। छात्रा ने बताया कि आरोपियों ने उसे धमकाया था कि किसी से बताया तो वीडियो वायरल कर देंगे। पिछले कुछ माह से ये सभी युवक अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर रहे थे।

## हर हर महादेव...मुरादाबाद की सड़कों पर कांवड़ियों का रेला...

**मुरादाबाद**। दिल्ली हाईवे और कांठ रोड रविवार तड़के से ही शिवमय हो गए। भोलेनाथ के भक्त हरिद्वार और बृजघाट से पवित्र गंगा जल लेकर लौट रहे थे। इस दौरान कांवड़िए डीजे की धुन पर भोलेनाथ के भजनों पर नाचते गाते अपने गंतव्य की ओर बढ़ते रहे। कांवड़ियों की सेवा के लिए महानगर में जगह-जगह शिविर लगाए गए। उधर, पुलिस प्रशासन भी इस दौरान मुस्तैद रहा। आलाधिकारी पल-पल की जानकारी लेते रहे।

रविवार को कांवड़िए बृजघाट से पवित्र गंगाजल लेकर दिल्ली हाईवे से होते हुए महानगर पहुंचे। इस दौरान हाईवे भगवा रंग में डूबा रहा। पाकबड़ा से फव्वारा चौक तक कांवड़ियों की भारी भीड़ रही। दिल्ली रोड को कांवड़ियों के स्वागत के लिए सजाया गया। मझोला थाना से चौधरी चरण सिंह चौक तक एक तरफ काफी संख्या में शिविर लगाए गए जिनमें लोग शिवभक्तों की सेवा में लगे रहे। कांवड़ बेड़े में शामिल भगवान भोलेनाथ की विभिन्न झांकियां भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं।

महानगर के अधिकांश कांवड़िए बृजघाट से पवित्र गंगाजल लेकर आए हैं उन्होंने आज सावन के चौथे सोमवार को शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। महानगर के कांवड़िए सतीश ने कहा कि वह हर बार बाबा के नाम की कांवड़ लेकर आते हैं। कांवड़ लाने का अलग ही अनुभूति है। कांवड़ यात्रा में शिवभक्तों द्वारा विभिन्न आकर्षक झांकियां भी शामिल की गई। जो लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। इनमें शंकर-पार्वती, भगवान भोलेनाथ के गण आदि बने भक्तों ने लोगों का मन मोह लिया। जिससे कांठ रोड का माहौल भक्तिमय बना रहा। झांकियों का श्रद्धालुओं ने जगह-जगह स्वागत किया। दिल्ली रोड के साथ कांठ रोड पर भी भोले बाबा के भजनों की धूम रही। बरेली, रामपुर, मिलक, संभल, बिलारी समेत अन्य शहरों के कांवड़िए हरिद्वार से कांवड़ में गंगाजल लेकर कांठ रोड से गुजरे। तड़के से ही कांठ रोड पर कांवड़ियों के बेड़े गुजरते रहे। कांवड़िए डीजे की धुन पर भोलेनाथ के भजनों के साथ अपने गंतव्य की ओर बढ़ते रहे। पूरा दिन यह सिलसिला चलता है।







### ट्रक और पिकअप की आमने-सामने की भिड़ंत, दो लोगों की मौत



**चंदौसी**। मुरादाबाद-आगरा नेशनल हाईवे पर थाना बनियाठेर क्षेत्र में रविवार तड़के तीन बजे ट्रक और पिकअप की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में पिकअप चालक समेत दो लोगों की मौत हो गई। जबकि मां बेटी समेत पांच लोग घायल हो गए। सूचना मिलते मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया और शव मोर्चरी पर रखवा कर परिजनों को सूचना दे दी है।

हादसा उस समय हुआ जब पिकअप चालक सुमित 28 वर्ष पुत्र रामवीर निवासी मढ़नपुर थाना बहजोई नोएडा से चंदौसी आ रहा था। पिकअप में विष्णु 18 वर्ष पुत्र दिनेश निवासी गांव खेड़ा दास थाना फैजगंज बेहटा जिला बदायूं अपनी मां किरन और बहन गीता के साथ नोएडा से घर आ रहे थे। विष्णु नोएडा में ई-रिक्शा चलाता है। तड़के तीन बजे मुरादाबाद-आगरा नेशनल हाइवे पर थाना बनियाठेर के बहजोई रोड पर मॉल के निकट सामने से आ रहे ट्रक से टक्कर हो गई। हादसे में पिकअप सवार विष्णु और चालक सुमित की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक चालक हेमराज निवासी डासपुर राजस्थान, उसका भाई जगदीश व हेल्पर सोनू समेत विष्णु की मां किरन, बहन गीता घायल हुए हैं। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां मां-बेटी की हालात गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। शवों को मोर्चरी पर रखवा कर परिजनों को सूचना दे दी। शवों को पोस्टमार्टम भेजने की तैयारी की जा रही है। ट्रक चालक ट्रक में लकड़ी लेकर रामपुर से राजस्थान जा रहा था।

# आगरा में लखनऊकी इंजीनियरिंग स्टूडेंट को किडनैप करके दुष्कर्म



**आगरा** :एक ओर जहां देश में महिला डॉक्टर के साथ रेप करके हत्या किए जाने का मामला गरमाया है, वहीं अब एक और लड़की के साथ रेप होने की वारदात सामने आई है। इंजीनियरिंग की स्टूडेंट को किडनैप करके उसके साथ चलती कार में दुष्कर्म किया गया। फिर उसे अर्धनग्न हालत में सड़क पर फेंक दिया गया। लोगों को वह बेहोशी की हालत में मिली, जिन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने लड़की को तुरंत अस्पताल पहुंचाया और उसके बयान दर्ज करके आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। आरोपी पीड़िता का जानकार है और उसका सीनियर रह चुका है, वहीं इस घटना के बाद से लड़की डिप्रेशन में है। वारदात उत्तर प्रदेश के आगरा में अंजाम दी गई। थाना सिकंदरा पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पीड़िता ने पुलिस को अपने बयान दर्ज कराए। उसने बताया कि वह आगरा के डॉक्टर भीम राव आंबेडकर विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग कर रही है। वह 10 अगस्त की शाम को कारगिल चौराे पर थी। इस दौरान उसका सीनियर शिवांश गाड़ी लेकर आया और उसे जबरन खींचकर गाड़ी में बिठाकर ले गया। फिर सुनसान जगह पर गाड़ी पार्क करके उसने पहले उसके हाथ-पैर बांध दिए। फिर मारपीट की और उसके कपड़े फाड़ दिए। उसके साथ संबंध बनाए और फिर अर्धनग्न हालत में उसे सड़क पर फेंककर फरार हो गया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि शिवांश आपराधिक प्रवृत्ति का लड़का है। वह कोर्स पूरा कर चुका है, लेकिन वह उस पर गंदी नजर रखता था। उसके कई लड़कियों के साथ संबंध हैं। उसकी हरकतों का विरोध करने पर उसने उसकी मार्कशीट रुकवा दी।

**थाना प्रभारी नीरज शर्मा ने बताया कि पीड़िता ने उपचार कराने के बाद अपने बयान दर्ज कराए। पुलिस ने उसका मेडिकल कराया तो उसमें रेप की पुष्टि हुई। वही पीड़ित घटनाक्रम के बाद मानसिक तनाव में चली गई है। उसने अपनी शिकायत में बताया है कि उसकी जिंदगी खराब हो गई है। वह अब जीना नही चाहती। उसने आरोपी को कड़ी सजा देने की मांग की है।**

थाना प्रभारी नीरज शर्मा ने बताया कि पीड़िता ने उपचार कराने के बाद अपने बयान दर्ज कराए। पुलिस ने उसका मेडिकल कराया तो उसमें रेप की पुष्टि हुई। वहीं पीड़ित घटनाक्रम के बाद मानसिक तनाव में चली गई है। उसने अपनी शिकायत में बताया है कि उसकी जिंदगी खराब हो गई है। वह अब जीना नहीं चाहती। उसने आरोपी को कड़ी सजा देने की मांग की है। आरोपी की लोकेशन जम्मू में मिली है। गहन जांच पड़ताल के बाद ही आगामी कार्रवाई की जाएगी।

संक्षेप खबरें

## बेटे की प्रेमिका पर इस कदर लट्टू हुआ बाप, जबरन रचाई शादी



**हमीरपुर** में एक प्रेम कहानी पिता-पुत्र दोनों पर भारी पड़ गई। पिता ने बेटे की प्रेमिका से जबरन शादी कर ली। इसके बाद उसे घर में बंधक बनाया और पिता-पुत्र दोनों ने मिलकर दुष्कर्म किया। इसके बाद जैसे-तैसे युवती दोनों के चंगुल से छूटी और पुलिस को मामले की जानकारी दी। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि हमीरपुर जिले के मौदहा कोतवाली क्षेत्र में सुरज कुमार नामक युवक घाटमपुर में ईंट-भट्ठे पर काम करने गया। इनके साथ बांदा जिले जमालपुर थाना कोतवाली क्षेत्र की एक किशोरी भी परिजनों के साथ काम करने आई। यहां सूरज और किशोरी में आपस में प्रेम हो गया। किशोरी अपने परिजनों के मना करने के वावजूद प्रेमी के साथ रहने लगी।

हालांकि परिजन जोर-जबरदस्ती कर बच्ची को अपने घर ले गए। उधर प्रेमिका के जाने के बाद सूरज भी ईंट-भट्ठे का काम छोड़कर अपने गांव मोदहा आया और फिर रात में प्रेमिका के घर पहुंचा। युवती के परिजनों के अनुसार सूरज अपनी प्रेमिका को अगवा कर घर ले आया। बेटी की प्रेमिका को देखते ही तुलसीराम की नीयत खराब हो गई और मंदिर में बेटे की प्रेमिका से जबरन शादी कर ली। शादी के बाद पिता और पुत्र ने उसके साथ गंदी हरकत की।

# दौसा: कृषि और किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है मोदी सरकार



**नई दिल्ली** :मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में उच्च उत्पादन क्षमता वाली जलवायु अनुकूल व बायोफोर्टिफाइड फसलों की 109 किस्मों को जारी करने पर प्रसन्नता जताई है। उन्होंने कहा है कि इससे देश में कृषि और किसानों को लाभ होगा। धान की उन्नत किस्मों से छत्तीसगढ़ के किसान विशेष रूप से लाभान्वित होंगे। फसल की इन नई किस्मों से छत्तीसगढ़ में विशेषकर धान का उत्पादन बढ़ेगा। इससे छत्तीसगढ़ के किसान उत्कृष्ट खेती के साथ और अधिक समृद्ध बनेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा कृषि और किसानों के कल्याण के लिए पूरी तत्परता से काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि कृषि वैज्ञानिकों ने धान की ऐसी किस्में तैयार की है, जिनके उत्पाद में 20 प्रतिशत कम पानी लगेगा। इसके अलावा दालों में अरहर और चने की 2-2, मसूर की 3 उन्नत किस्में किसानों को खेती के लिए उपलब्ध होंगी।

मुख्यमंत्री साय ने कृषि के क्षेत्र में अभिनव एवं क्रांतिकारी कार्य के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं कृषि वैज्ञानिकों का आभार जताते हुए देश के किसानों को बधाई और शुभकामनाएं दी है।

गौरतलब है प्रधानमंत्री द्वारा आज 61 फसलों की 109 किस्में जारी की गई, जिनमें 34 प्रक्षेत्र फसलें और 27 बागवानी फसलें शामिल हैं। प्रक्षेत्र फसलों में मोटे अनाज, चारा फसलें, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास, रेशा और अन्य संभावित फसलों सहित विभिन्न अनाजों के बीज जारी किए गए। बागवानी फसलों में फलों, सब्जियों, रोपण फसलों, कंद फसलों, मसालों, फूलों और औषधीय फसलों की अलग-अलग किस्में जारी की गईं।

# छत्तीसगढ़ में साय सरकार का नशा मुक्त अभियान तेज



**नई दिल्ली**: प्रदेश के विकास कार्यों को लगातार पूरा करने में साय सरकार जुटी है। इसी के तहत छत्तीसगढ़ में कोई भी युवा नशे की चपेट में न रहे, इसके लिए साय सरकार कई सारे कैंपेन करती रहती है। इसीलिए अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा अभियान की चौथी वर्षगांठ के अवसर पर विकसित भारत का मंत्र भारत को नशे से स्वतंत्र की थीम पर समस्त विधार्थियों, युवाओं, महिलाओं, कर्मचारी /अधिकारियों एवं जन सामान्य को नशामुक्त की प्रतिज्ञा/शपथ करने का कार्यक्रम केन्द्रीय मंत्री विरेन्द्र सिंह और राज्यमंत्री रामदास अठावले भारत सरकार सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय के द्वारा सम्पन्न हुआ।

उक्त कार्यक्रम में भारत देश के समस्त जिले वर्चुअल रूप से जुड़े जिसमें देशभर में 10 हजार स्थानों से कार्यक्रम में वर्चुअल जुड़कर नशा मुक्ति की शपथ ली। यहां जिला महासमुन्द के कलेक्टर सभाकक्ष में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने अधिकारी-कर्मचारियों के साथ नशामुक्ति अभियान में वर्चुअल रूप से जुड़कर भारत सरकार द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करने प्रेरित किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग भी मौजूद थी। इसके अलावा डिप्टी कलेक्टर मनोज खांडे, उप संचालक समाज कल्याण संगीता सिंह एवं अन्य जिला अधिकारी-कर्मचारी वर्चुवल कार्यक्रम में मौजूद थे। कार्यक्रम के पश्चात शपथ ग्रहण लिया गया। जिसमें समाज को नशे से बचाना, खुद भी नशा नहीं करना और नशे को जड़ से दूर हटाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का शपथ लिया गया।

शपथ ग्रहण के पश्चात रैली के रूप में वन विभाग के वनरक्षक, खेल विभाग से युवा खिलाड़ी, नगर पालिका स्वच्छता दीदी, शिक्षा विभाग एवं स्कूली छात्र छात्राओ सहित समाज कल्याण विभाग के समस्त कर्मचारी सहित कुल 2000 लोगों को शपथ ग्रहण कराया जाकर रैली निकाला गया। रैली के पूर्व रैली मानव श्रृंखला को कलेक्टर श्री लंगेह द्वारा शपथ दिलाया गया। तत्पश्चात हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिले के समस्त जनपदों एवं उनके अधीनस्थ समस्त पंचायतों, स्कूलों, कालेजों व नगरीय निकायों तथा समस्त शासकीय कार्यालय में नशामुक्त भारत की शपथ लिया गया।

## औरंगाबाद में सोन नदी में समाई कार, मृतकों में 16 साल का नाबालिग

**औरंगाबादः** बिहार के औरंगाबाद में आज भीषण सड़क हादसा हुआ। एक कार सड़क से उतरकर सोन नदी में गिर गई और पानी की गहराई में समा गई। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई है, जिनकी लाशें पुलिस ने नदी से रिकवर कर ली हैं। मृतक पटना और आरा के रहने वाले बताए जा रहे हैं। मरने वाले लोगों में 16 साल का नाबालिग लड़का भी शामिल है।

पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। दाउदनगर इलाके घटना है। लोगों ने कार को नदी में गिरते हुए देखा, लेकिन नदी में पानी उफान पर होने के कारण कोई उन्हका बचाव नहीं कर पाया। लोगों ने कार को नदी में गिरते देखते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर आकर कार को नदी से निकाला और पांचों शव बरामद किए। सुसाइड के एंगल से केस की जांच होगी।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, हादसा औरंगाबाद के दाउदनगर थाना क्षेत्र के तहत आने वाले गांव चमन बिगहा से गुजर रही नहर के पास हुआ। पटना मेन सोन नदी में एक तेज रफ्तार कार समा गई। कार का अचानक संतुलन बिगड़ा और वह सीधी नदी में उतर गई। लोगों को चीखने चिल्लाने की आवाजें आईं तो वे मौके पर दौड़े आए। उन्होंने कार को नदी में समाते देखा। पुलिस ने मौके पर आकर क्रेन से कार नदी से निकाली, जिसके अंदर सवारों की लाशें दी।

सेंट्रल लॉक लग जाने से वे कार से बाहर नहीं निकल पाए और डूबने से मौत हो गई। कपड़े देखकर लग रहा है कि हादसे में मारे गए लोग किसी धार्मिक यात्रा से लौट रहे थे। 3 मृतकों के शरीर पर सावन महीने में पहने जाने वाला गेरुआ रंग का कपड़ा था। आधार कार्ड के अनुसार, 4 मृतक पटना के राजीव नगर निवासी हैं और एक आरा का है।



## पंजाब में सूचना आयोग के खाली पदों पर 30 अगस्त तक होगी नियुक्ति




**नई दिल्लीः** पंजाब राज्य सूचना आयोग में सूचना आयुक्तों की तत्काल नियुक्ति की मांग को लेकर निर्देश जारी किए गए हैं। एक जनहित याचिका पर पंजाब शासन सुधार एवं लोक शिकायत विभाग की अवर सचिव दविंदर कौर ने स्टेटस रिपोर्ट दायर की। रिपोर्ट में कहा गया कि सूचना आयुक्तों की अपॉइंटमेंट प्रोसेस पूरा हो चुका है और इस संबंध में अधिसूचना जल्दी ही जारी की जाएगी। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू और जस्टिस अनिल खेत्रपाल की खंडपीठ ने पंजाब सरकार के इस जवाब पर हाई कोर्ट ने याचिका का निपटारा कर दिया। तीन सालों से पंजाब राज्य सूचना आयोग में ये पद खाली पड़े हैं।

**खाली पदों को भरने का निर्देश**

इसी के साथ कोर्ट ने याचिकाकर्ता निखिल थम्मन को यह छूट दी कि अगर प्रोसेस समय से पूरा नहीं होता है, तो याचिकाकर्ता दोबारा इस मामले को लेकर कोर्ट की शरण में आ सकता है। कोर्ट ने सरकार को 30 अगस्त, 2024 से पहले पंजाब राज्य सूचना आयोग के खाली पदों को भरने का निर्देश भी जारी किया।

इस मामले में दायर याचिका में पंजाब राज्य सूचना आयोग में सूचना आयुक्तों की समयबद्ध तरीके से तत्काल नियुक्ति की मांग की गई है। याची की वकील सुनैना ने दलील दी कि यह नागरिकों के मौलिक अधिकारों का घोर उल्लंघन है। पंजाब राज्य सूचना आयोग में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति न किए जाने के कारण सूचना के अधिकार के मौलिक अधिकार का उल्लंघन हो रहा है और सूचना आयुक्तों की 10 रिक्त सीटों के कारण अपीलों और शिकायतों की लंबी लाइन दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

# हरियाणा के महिलाओं-युवाओं को दी कई सौगातें




**नई दिल्लीः**दुनिया अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस मना रही है। देश के अलग-अलग जगाहों पर अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। ऐसा ही एक कार्यक्रम हरियाणा में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी शामिल हुए। इस कार्यक्रम में सीएम नायब सिंह सैनी ने हरियाणा कौशल विकास मिशन के क्ळकपरीक्षार्थियों को प्लेसमेंट ऑफर दिए। साथ ही विश्व कौशल प्रतियोगिता और क्ळए अ के विजेता युवाओं को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सीएम सौनी ने स्कूली विद्यार्थियों को पोस्ट मेट्रिक छात्रवृति भी रिलीज की।

युवाओं के शुरू हुई स्किल योजना

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सबसे पहले राज्य के युवाओं को इस खास दिन की बधाई दी। उन्होंने कहा कि 2 दिन बाद 78वा आज़ादी का पर्व मनाया जाएगा। इस दौरान देश की आजादी के लिए मर मिटने वाले युवाओं को नमन किया। साथ ही उन्होंने कांट्रेक्टर सक्षम युवा योजना का भी शुभारम्भ किया। इस योजना के जरिए से 10000 युवाओं को स्किल ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके अलावा सीएम सैनी आई टी सक्षम योजना का भी शुभारम्भ किया। इस योजना के जरिए प्रदेश के युवा को मॉर्डन आई टी स्किल के ट्रेनिंग दी जाएगी।

सीएम सैनी ने बताया कि हरियाणा ड्रोन दीदी योजना को विधिवत रूप से लागू किया गया है। मार्च 2025 तक स्वयं सहायता समूह की 5000 महिलाओं को ड्रोन ऑपरेशन और रखरखाव की ट्रेनिंग दी जाएगी। ट्रेनिंग पूरी करने के बाद हर एक महिला स्वयं सहायता समूह को एक ड्रोन उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं हरियाणा कौशल विकास मिशन के तहत एक लाख से अधिक युवाओं को कौशल प्रदान किया गया। टरटए२ उद्योगों को तेजी देने के लिए राज्य में अलग से टरटए विभाग का गठन किया गया।

आवश्कता, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, सार्वजनिक सूचना विज्ञापन कम दरों में

सब का सपना क्लासीफाइड के साथ लाखों तक पहुँचाइये अपनी बात

अपना विज्ञापन बुक करवाने के लिये संपर्क करें
94568843327

# 20 की मौत, स्कूल बंद; राजस्थान में भारी बारिश से हालात बेहद खराब

**नई दिल्लीः** राजस्थान में मानसून पूरी तरह से एक्टिव है, लेकिन राजस्थान में मानसून के बादल मौत बनकर बरस रहे हैं। बीते 48 घंटे से राज्य में भारी बारिश हो रही है, जिसके चलते 2 दिन में 20 लोगों की मौत हो चुकी है। हालात ऐसे हैं कि स्कूल बंद करने पड़ गए। सड़कें बारिश के पानी में डूबी हैं। नदियां उफान पर बह रही हैं। राज्य सरकार ने प्रदेशवासियों से अलर्ट रहने की अपील की है। बच्चों और बुजुर्गों को घरों में रखने को कहा है। मौसम विभाग ने आज भी भारी बारिश होने की चेतावनी जारी की गई है। ताजा अपडेट के अनुसार, अगले 24 घंटे में राजस्थान में मध्यम से भारी बारिश होने के आसार हैं।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 24 घंटे में पश्चिमी राजस्थान में अच्छी बारिश हुई है। पूर्वी राजस्थान में गरज चमक के साथ बादल बरसे। दौसा, भरतपुर, सवाई माधोपुर, कोटा, बारां जिले में भारी बारिश हुई, जिससे सड़कें तालाब बन गई। हालातों को देखते हुए जयपुर, जयपुर ग्रामीण, दौसा, करौली, सवाई माधोपुर, गंगापुर, भरतपुर में प्रशासन अधिकारियों ने स्कूल बंद करने का फरमान जारी कर दिया है, लेकिन पिछले 24 घंटे में भारी बारिश के कारण 2 बड़े हादसे हो गए। भरतपुर में बारिश के बीच रील बना रहे 7 लड़के बाणगंगा नदी में गिर गए और उनकी मौत हो गई। जयपुर में भी 5 युवक कानोता डैम में डूबने से मारे गए। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के 10 जिलों में आंधी तूफान के साथ बारिश होने का अलर्ट जारी किया है।

2 दिन में बारिश के कारण ये हादसे हुए

जयपुर के कानोता डैम में 5 युवक डूब गए, जिनके शव तलाशने के लिए आज सुबह भी तलाशी अभियान जारी रहा। भरतपुर जिले के श्रीनगर गांव के पास बाणगंगा नदी में डूबने से 7 लड़कों की मौत हो गई। जयपुर ग्रामीण के फागी में माशी नदी के तटबंध पर बाइक समेत बह जाने से सीताराम (21) और देशराज नामक 2 युवकों की मौत हो गई। माधोराजपुरा में नाले में गिरने से बनवारी (25) नामक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूदू में एनीकट में गिरने से सद्दाम (32) नामक व्यक्ति की मौत हुई है। ब्यावर में अशोक कुमार (23) की तालाब में फिसलने से मौत हो गई, जबकि पाखरियावास निवासी बबलू (16) की तालाब में नहाते समय डूबने से मौत हो गई। केकड़ी में गुलगांव के एक व्यक्ति की बारिश के पानी में बह जाने से मौत हो गई। करौली में मकान की बीम गिरने से एक व्यक्ति और उसके बेटे की मौत हो गई। बड़ापुरा गांव में 12 साल की एक बच्ची पानी में बह गई। बांसवाड़ा में दौसा निवासी नर्सिंग छात्र विकास शर्मा की कडेलिया झरने में डूबने से मौत हो गई।

भारी बारिश के कारण प्रदेशभर में हालातों को देखते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने बीती शाम आपदा प्रबंधन समिति की मीटिंग बुलाई।






अपने संस्थान को दे नई तरक्की

एजुकेशन के विज्ञापन बुक करायें

विज्ञापन हेतु संपर्क करें-

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-94568843327

# बारिश ने मचाई तबाही, 4 हाइवे सहित 338 सड़कें बंद

## हिमाचल में बारिश ने मचाई तबाही, लगातार हो रही बारिश की वजह से जनजीवन अस्त–व्यस्त

**शिमलाः** हिमाचल प्रदेश में रविवार से लगातार बारिश हो रही है। इस बीच कई जगहों पर बारिश के कारण भूस्खलन और बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। इलाके की कई नदियां उफान पर हैं और कई जगहों पर भूस्खलन भी देखा गया है।

वहीं बाढ़ और भूस्खलन से हिमाचल प्रदेश में चार नेशनल हाइवे सहित कुल 338 सड़कों को बंद कर दिया गया है। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि बारिश की वजह से ऊना के कई क्षेत्र जलमग्न हो गए हैं। उन्होंने बताया कि कुल्लू, मंडी और शिमला जिलों में 31 जुलाई को आई बाढ़ के बाद लापता हुए करीब 30 लोगों को खोजने के लिए बचाव अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन कोई बड़ी सफलता हाथ नहीं लगी है।

अब तक 100 से अधिक लोगों की मौत

अधिकारियों ने बताया कि 27 जून से 9 अगस्त के बीच बारिश से संबंधित घटनाओं में 100 से अधिक लोग मारे गए हैं और राज्य को लगभग 842 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने बताया कि शिमला में 104, मंडी में 71, सिरमौर में 58, चंबा में 55, कुल्लू में 26, सोलन और लाहौल एवं स्पीति में सात–सात, किन्नौर में पांच, कांगड़ा में चार और बिलासपुर जिले में एक सड़क बंद है। पूरे प्रदेश में कुल 338 सड़कें बंद हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार को 488 बिजली और 116 पेयजल योजनाएं प्रभावित हैं। क्षेत्रीय मौसम विभाग कार्यालय ने शनिवार तक राज्य के अलग–अलग हिस्सों में भारी बारिश के लिए 'येलो' अलर्ट जारी किया है और मंगलवार तक चंबा, किन्नौर, सिरमौर और शिमला जिलों के कुछ हिस्सों में बाढ़ का खतरा भी जताया है।



## जरूरी खबरें

### टेस्ट ड्राइव करने के बहाने ले उड़े कार, पति–पत्नी गिरफ्तार



**गाजियाबादः** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले से चोरी की एक हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जिले की थाना लोनी पुलिस ने एक ऐसे पति–पत्नी को गिरफ्तार किया है जो टेस्ट ड्राइव के बहाने कार ही उड़ा ले गए।

पुलिस के मुताबिक, यह दंपति पहले भी कई बार आपराधिक वारदातों को अंजाम दे चुके हैं और अब उनके आपराधिक वारदातों की लिस्ट खंगाली जा रही है। उनके कब्जे से चोरी की कार के साथ–साथ घटना में इस्तेमाल की गई चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है।पुलिस के मुताबिक, 25 जुलाई को संजय तोमर नामक व्यक्ति ने थाना लोनी में एक अज्ञात पुरुष व महिला द्वारा उनकी ब्रेजा कार खरीदने को कहकर टेस्ट ड्राइव के बहाने चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी और अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए टीम बना दी गई थी।

पुलिस ने बताया कि 2 अगस्त को थाना लोनी पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान चौकी क्षेत्र बथला के पास से चोरी की घटना करने वाले अभियुक्त 32 वर्षीय यतेन्द्र और उसकी 30 वर्षीय पत्नी रश्मि को गिरफ्तार किया गया।

## हाईवे कोई पार्किंग की जगह नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने शंभू बॉर्डर को खोलने का दिया आदेश

**नई दिल्लीः** शंभू बॉर्डर को खोलने को लेकर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने आदेश देते हुए एक हफ्ते के भीतर शंभू बॉर्डर को आंशिक रूप से खोलने का आदेश दिया है। सुनवाई के दौरा सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईवे कोई पार्किंग की जगह नहीं हैं। हरियाणा सरकार हाइवे की एक लेन को एंबुलेंस, स्कूल बसें, एमरजेंसी सर्विसेज और आने जाने वाले स्थानीय लोगों के लिए खोल सकती है। इससे जनजीवन आसान होगा। सुप्रीम कोर्ट ने उँढ पंजाब और उँढ हरियाणा साथ ही अम्बाला और पटियाला जिले के पुलिस प्रमुख को एक सप्ताह में बैठक करने को कहा। कोर्ट ने कहा कि हम मामले को लंबित रखते हैं। किसानों को भी नहीं लगना चाहिए कि उनको अलग–थलग और किनारे कर दिया गया है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शनकारी किसानों से बातचीत के लिए गठित किए जाने वाले पैनल की शर्तों पर संक्षिप्त आदेश पारित किया जाएगा।



दरअसल, हरियाणा सरकार ने शंभू बॉर्डर खोलने को लेकर पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के आदेशों को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। सरकार की इस याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। केस में अगली सुनवाई 21 अगस्त को होगी। पंजाब और हरियाणा की सरकार ने आंदोलन कर रहे किसानों से बातचीत के लिए नष्पक्ष कमेटी के सदस्यों के नाम सुप्रीम कोर्ट को दे दिए हैं। ये कमेटी सदस्य किसानों और केंद्र सरकार के बीच मध्यस्थता का काम करेंगे।

## भारत–बाग्लादेश सीमा पर निगरानी के लिए बनाई गई समिति

**नई दिल्लीः** बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन हो चुका है। बावजूद इसके हिंसा कई दिनों तक जारी रहा। इस दौरान हिंदू व अल्पसंख्यकों को बांग्लादेश में निशाना बनाया गया। इस बीच भारी संख्या में लोग भारत–बांग्लादेश सीमा (आईबीबी) पहुंच रहे हैं ताकि उन्हें भारत में स्थान मिल सके। इस बीच मोदी सरकार ने अहम फैसला किया है। मोदी सरकार ने भारत–बांग्लादेश सीमा (आईबीबी) पर मौजूदा स्थिति की निगरानी के लिए एक समिति का गठन किया है। यह समिति बांग्लादेश में अपने समकक्ष अधिकारियों के साथ बातचीत कर वहां रहने वाले भारतीय नागरिकों, हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी।



बता दें कि इस समिति की अध्यक्षता बीएसएफ के पूर्वी कमान के एडीजी करेंगे। इसे लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया। उन्होंने ट्वीट कर कहा, ₹बांग्लादेश में चल रही स्थिति के मद्देनजर मोदी सरकार ने भारत–बांग्लादेश सीमा (आईबीबी) पर मौजूदा स्थिति की निगरानी के लिए एक समिति का गठन किया है।₹ बता दें कि नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अर्थशास्त्री मोहम्मद यूनुस को बांग्लादेश का अंतरिम प्रधानमंत्री बनाया गया है।

## अनंतनाग में आतंकियों से एनकाउंटर, दो जवान शहीद

**जम्मू कश्मीर** से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ चल रही है, जिसमें 2 जवान शहीद हो गए, जबकि तीन घायल हो गए। भारतीय सेना ने पूरे इलाकों को घेर लिया है। इसे लेकर एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें सेना की गाड़ियां और जवान तैनात नजर आ रहे हैं। पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन के लिए अतिरिक्त फोर्स को भी बुलाया गया है।

अनंतनाग जिले के अहलान गडोले इलाके में शनिवार को अचानक से मुठभेड़ शुरू हो गई। आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलियां चला दीं। इस पर सेना के जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई में फायरिंग की। दोनों ओर से जमकर गोलीबारी हो रही है। इलाके में कई आतंकियों के छिपे होने की सूचना आ रही है। इस पर भारतीय सेना के जवानों ने चौकसी बढ़ा दी। सुरक्षा बलों के अतिरिक्त जवान भी मौके पर आ गए हैं।इंडियन आर्मी और स्थानीय पुलिस ने साउथ कश्मीर के अहलान गडोले इलाके में घेराबंदी कर दी और आतंकियों की तलाश में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया। आतंकियों से मुठभेड़ में 2 जवान शहीद हो गए, जबकि तीन घायल हैं। साथी जवानों ने घायलों को आनन–फानन में अस्पताल में भर्ती कराया।बताया जा रहा है कि जैश–ए–मोहम्मद के आतंकियों से सुरक्षा बलों की मुठभेड़ हुई है। डोडा से साउथ कश्मीर में आतंकियों ने एंट्री मारी थी। ये आतंकी हथियारों से लैस हैं। कश्मीर जोन पुलिस ने एक्स पर पोस्ट कर आतंकियों से एनकाउंटर की जानकारी दी है।।

## मंदिरों–मठों का होगा रजिस्ट्रेशन ,इस राज्य में नया आदेश

**बिहार** में अब सभी जिलों में संचालित बिना रजिस्ट्रेशन के मंदिरों, मठों और ट्रस्ट का रजिस्ट्रेशन करवाया जाएगा। बिहार सरकार ने प्रदेश के सभी जिलों के डीएम यानी जिलाधिकारियों को रजिस्ट्रेशन करवाने के निर्देश जारी किए हैं। इसके साथ ही मंदिरों, मठों और ट्रस्टों की अचल संपत्तियों का विवरण भी राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड को उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही जिन मंदिरों और मठों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है उनसे संबंधित अचल संपत्तियों का विवरण भी तुरंत बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड को उपलब्ध कराया जाए ताकि इसे उसकी वेबसाइट पर अपलोड किया जा सके।

कानून मंत्री नितिन नवीन ने दिया बयान

राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड बिहार सरकार के विधि विभाग के अंतर्गत आता है। पूरे मामले पर बिहार सरकार के कानून मंत्री नितिन नवीन ने बताया है कि सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे सुनिश्चित करें कि सभी अपंजीकृत मंदिरों, मठों और ट्रस्ट का प्राथमिकता के आधार पर पंजीकरण किया जाए। इसके साथ ही अचल संपत्तियों का ब्योरा तुरंत बीएसबीआरटी को उपलब्ध कराया जाए। कानून मंत्री नितिन नवीन ने बताया कि अभी तक केवल 18 जिलों ने ही बीएसबीआरटी को आंकड़ा उपलब्ध कराया है।कानून मंत्री नितिन नवीन ने कहा है कि सभी जिलाधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि राज्य में जिन मंदिरों और मठों का पंजीकरण हो चुका है उनकी अचल संपत्तियों की बिक्री/खरीद न हो। उन्होंने बताया कि बिहार हिंदू धार्मिक ट्रस्ट अधिनियम, 1950 के अनुसार, बिहार में सभी सार्वजनिक मंदिरों/मठों, ट्रस्ट और धर्मशालाओं को बीएसबीआरटी के तहत पंजीकृत होना चाहिए। अचल संपत्तियों की बिक्री/खरीद का काम अवैध है और ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।



## केदारनाथ धाम में फिर से हेलीकॉप्टर सेवा शुरू, किराए में मिलेगी 25 फीसदी तक छूट

**नई दिल्ली :** केदारनाथ धाम के लिए हेलीकॉप्टर के जरिए यात्रा बृहस्पतिवार से फिर शुरू हो गई जबकि मंदिर को जाने वाले क्षतिग्रस्त पैदल और सड़क मार्ग को ठीक करने का काम जोर–शोर से चल रहा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने यहां बताया कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर सुबह मौसम साफ होने के साथ ही हेलीकॉप्टर सेवा शुरू हो गयी और श्रद्धालुओं ने बाबा केदार के दर्शन किए। दूसरी ओर, धाम में रूके 33 यात्रियों को एमआई 17 एवं अन्य हेलीकॉप्टरों से शेरसी और चारधाम हेलीपैड पहुंचाया गया।

श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के मुख्य कार्यकारी अधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में केदारनाथ धाम में बचाव एवं राहत कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि हेलीकॉप्टर के जरिए पर्याप्त राशन एव अन्य अनिवार्य सामग्री भी सभी जगह पहुंचा दी गयी है ।इकतीस जुलाई की रात अतिवृष्टि और बादल फटने से क्षतिग्रस्त केदारनाथ मार्ग का मंगलवार को निरीक्षण करने पहुंचे मुख्यमंत्री ने बुधवार से हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने के निर्देश दिए थे। हांलांकि, मुख्यमंत्री ने यह भी कहा था कि जब तक केदारनाथ यात्रा व्यवस्थित नहीं होती, तब तक सीमित समय के लिए हेलीकॉप्टर किराए में यात्रियों को 25 फीसदी की छूट दी जाएगी और यह व्यय राज्य सरकार वहन करेगी ।इस बीच, घोड़ापड़ाव और जंगलचट्टी सहित करीब 29 स्थानों पर क्षतिग्रस्त केदारनाथ पैदल और सड़क मार्ग को ठीक करने का काम युद्धस्तर पर चल रहा है।



## डॉक्टर की रेप के बाद हत्या, नग्न हालत में खून से सनी मिली लाश

**कोलकाता** पश्चिम बंगाल के कोलकाता शहर में दिल दहलाने वाली वारदात हुई। एक महिला डॉक्टर की रेप के बाद हत्या कर दी गई। इतना ही नहीं उसके साथ हैवानियत की हदें भी पार की गईं। उसकी लाश खून से सनी हालत में बिना कपड़ों के नग्न अवस्था में मिली। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि मृतक के चेहरे से लेकर पांव तक शरीर पर कई चोटों के घाव थे। सके साथ बुरी तरह मारपीट की गई। उसके साथ रेप होने की आशंका भी डॉक्टरों ने जताई है। मारपीट और चोटों के कारण ही उसने दम तोड़ा।

बता दें कि मृतका कोलकाता के फॅ कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में सेकंड ईयर की स्टूडेंट थी और चेस्ट मेडिसिन डिपार्टमेंट में बतौर हाउस स्टाफ काम करती थी। वारदात गुरुवार देररात अंजाम दी गई, जब मृतका नाइट शिफ्ट पर थी। शनिवार दोपहर करीब 12 बजे अस्पताल कर्मियों ने उसकी लाश इमरजेंसी वार्ड में देखी तो पहले अस्पताल प्रशासन को बताया, जिन्होंने पुलिस को बुलाया।

अस्पताल में इस तरह डॉक्टर के साथ रेप और उसकी हत्या होने से मेडिकल स्टूडेंट्स भड़के हुए हैं। उन्होंने आरोपी को गिरफ्तार करके उसे कड़ी से कड़ी सजा दिए जाने की मांग की है। उन्होंने करीब 10 घंटे से विरोध प्रदर्शन कर रहे स्टूडेंट्स और मृतका के परिजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे नहीं माने। वे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से बात कराने की मांग कर रहे थे। पुलिस आयुक्त ने प्रदर्शनकारी स्टूडेंट्स की बात मुख्यमंत्री से कराई और उन्होंने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## वायनाड में चमत्कार! हादसे के चार दिन बाद भारतीय सेना को जिंदा मिले 4 लोग

**नई दिल्लीः** केरल के वायनाड में भारतीय सेना ने भूस्खलन के चार दिन बाद चार लोगों को जिंदा बाहर निकाला है। इनमें दो महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं। चारों एक ही परिवार के हैं। इनके रिश्तेदारों की सूचना पर बचावकर्मी इस इलाके में पहुंचे थे। ये लोग पदावेट्टी कुन्नू में फंसे हुए थे। इनमें से एक महिला को चलने में दिक्कत आ रही है। महिला का इलाज किया जा रहा है। भूस्खलन के चौथे दिन शुक्रवार को बचावकर्मियों की 40 टीम ने बारिश और प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच तलाश एवं बचाव अभियान शुरू किया और चार लोगों को बचाया।

भारतीय सेना की तरफ से कहा गया कि ऑपरेशन को सटीकता और सावधानी के साथ अंजाम दिया गया, जिससे सभी लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। घायलों को निकालने में समन्वय बनाया गया और बचाव कार्य को सुविधाजनक बनाने के लिए लाइट हेलीकॉप्टर का उपयोग किया गया। ऑपरेशन की तेजी के चलते मलबे के बीच फंसे हुए लोगों को समय पर निकाला जा सका है।



ब्रिज बनने से बचाव कार्य में तेजी

अधिकारियों ने बताया कि 190 फुट लंबे 'बेली ब्रिज' का निर्माण पूरा होने से बचाव अभियान में तेजी आई है। इस पुल के जरिए खुदाई करने वाली मशीनों सहित भारी मशीनें और एम्बुलेंस मुंडक्कई और चूरलमाला तक पहुंच पाएंगी। बचावकर्मियों की 40 टीम भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों के छह जोन अट्टामाला और आरणमाला, मुंडक्कई, पुंचिरिमट्टम, वेल्लारीमाला गांव, जीवीएचएसएस वेल्लारीमाला में पीड़ितों की तलाश करेंगी। बचावकर्मियों की टीम में सेना, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), डीएसजी, तटरक्षक बल, नौसेना और एमईजी के कर्मियों के साथ–साथ तीन स्थानीय लोग और वन विभाग का कर्मचारी शामिल होगा।

चलियार नदी में भी होगी तलाश

अधिकारियों के अनुसार इसके अलावा चलियार नदी में भी पीड़ितों की तलाश की जाएगी। उन्होंने बताया कि चालियार के 40 किलोमीटर क्षेत्र में स्थित आठ पुलिस थाने के पुलिसकर्मी और स्थानीय तैराक बलों के साथ मिलकर उन शवों की खोज करेंगे, जो संभवतः बहकर नीचे चले गए हैं या नदी के किनारे फंसे हुए हैं। बचाव योजना के अनुसार, तटरक्षक बल, नौसेना और वन विभाग के कर्मी संयुक्त रूप से नदी के किनारों और उन क्षेत्रों पर तालाश अभियान संचालित करेंगे जहां शव फंसे होने की आशंका है। राजस्व मंत्री के. राजन ने एक दिन पहले कहा था कि मलबे में दबे शवों का पता लगाने के लिए दिल्ली से ड्रोन आधारित रडार शनिवार को वायनाड लाया जाएगा।

चलियार नदी में भी होगी तलाश
अधिकारियों के अनुसार इसके अलावा चलियार नदी में भी पीड़ितों की तलाश की जाएगी। उन्होंने बताया कि चालियार के 40 किलोमीटर क्षेत्र में स्थित आठ पुलिस थाने के पुलिसकर्मी और स्थानीय तैराक बलों के साथ मिलकर उन शवों की खोज करेंगे, जो संभवतः बहकर नीचे चले गए हैं या नदी के किनारे फंसे हुए हैं। बचाव योजना के अनुसार, तटरक्षक बल, नौसेना और वन विभाग के कर्मी संयुक्त रूप से नदी के किनारो और उन क्षेत्रो पर तालाश अभियान संचालित करेंगे जहां शव फंसे होने की आशंका है।

## संपादकीय

# आसान नही होगी अंतरिम सरकार की राह

**बांग्लादेश** में तख्तापलट होने के बाद शेख हसीना ने प्रधानमंत्री पद छोड़ते हुए देश भी छोड़ दिया। सत्ता और सियासत में परिवर्तन के बीच बांग्लादेश में व्यापक हिंसा भी देखने को मिल रही है। यहां व्यवस्था भी चरमराती हुई नजर आ रही है। इन सबके बीच नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में नई अंतरिम सरकार का गठन हो गया है। भले ही बांग्लादेश में अब कहने के लिए एक सरकार है लेकिन इस अंतरिम सरकार को शुरुआत से ही कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। यह सरकार ऐसे समय में कार्यभार संभाल रही है जब देश में कानून व्यवस्था की स्थिति चरमरा गई है। बांग्लादेश में अशांति का माहौल है, हिंसा जारी है साथ ही देश के आर्थिक हालात भी सही नहीं कही जा सकती है। तो चलिए इस रिपोर्ट में हम आपको उन चुनौतियों के बारे में बताते हैं जिनसे पार पाना बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के लिए आसान नहीं होगा।

> बांग्लादेश में आर्थिक संकट बढ़ा है। रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने वाली चीजों के दाम बढ़े है। महंगाइ मुसीबत बनी है और अब नई अंतरिम सरकार को जनता का भरोसा बरकरार रखना है, तो उसे जरूरी वस्तुओं की कीमतों को कम करने पर ध्यान देना होगा। जल्द से जल्द अर्थव्यवस्था पर ध्यान देना होगा और महंगाई के मोर्चे पर सरकार को कदम उठाते हुए लोगों को राहत देनी होगी।

बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी से नदारद हैं। थाने खाली पड़े हैं और सेना काफी हद तक पुलिस की मदद कर रही है। ढाका के कई थाने वीरान नजर आ रहे हैं। देश के कई इलाको में पुलिस थानों पर हमले किए गए हैं, तोड़फोड़ की गई है, जला दिए गए हैं। स्थिति बदतर हो जा रही है और पुलिस सिस्टम पूरी तरह खत्म नजर आ रहा है। पुलिस सिस्टम ध्वस्त होने की वजह से अराजकता फेल गई है। कुल मिलाकर देश में कानून और व्यवस्था का हाल बुरा है और ऐसे समय में अंतरिम सरकार के लिए इस मोर्चे पर काम करना मुश्किल साबित हो सकता है।

बांग्लादेश में आर्थिक संकट बढ़ा है। रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने वाली चीजों के दाम बढ़े है। महंगाई मुसीबत बनी है और अब नई अंतरिम सरकार को जनता का भरोसा बरकरार रखना है, तो उसे जरूरी वस्तुओं की कीमतों को कम करने पर ध्यान देना होगा। जल्द से जल्द अर्थव्यवस्था पर ध्यान देना होगा और महंगाई के मोर्चे पर सरकार को कदम उठाते हुए लोगों को राहत देनी होगी। लोगों को जल्द ही परिणाम दिखाने की जरूरत है जिससे उनका भरोसा कायम रहे। अंतरिम सरकार यह कैसे करेगी इसे बारे में उनकी रूपरेखा क्या होगी यह आने वाले समय में स्पष्ट नजर आएगा।



बांग्लादेश में जारी सियासी संकट के बीच अंतरिम सरकार तो बन गई है लेकिन आने वाले समय में चुनाव भी होने हैं। संविधान के मुताबिक देश में तीन महीने में चुनाव होना चाहिए लेकिन अभी इस बारे में कुछ कहा नहीं गया है। ऐसे में अंतरिम सरकार के समाने सबसे बड़ी चुनौती देश में चुनाव का माहौल तैयार करना और उसे निष्पक्ष तौर से कराना होगी। सरकार के सामने चुनौती यह भी होगी कि चुनावी प्रक्रिया पारदर्शी, निष्पक्ष और सभी राजनीतिक दलों के लिए समान रूप से सुलभ हो। सियासी दल चुनावी प्रक्रिया में धांधली का आरोप लगा सकते हैं, इसलिए अंतरिम सरकार को निष्पक्ष होकर काम करना होगा जिससे जनता का विश्वास बना रहे।

बांग्लादेश के राजनीतिक भविष्य के लिहाज से देखा जाए तो अंतरिम सरकार को राजनीतिक संतुलन बनाए रखने के लिए विभिन्न दलों के बीच संवाद को बढ़ावा देना होगा। देश के राजनीतिक दलों के बीच आपसी विश्वास और संवाद की कमी से चुनावी प्रक्रिया समेत कई मुद्दों के समाधान में अड़चनें आ सकती हैं।

# मीडिया को नियंत्रित करने वाले कानून का नया ड्रॉफ्ट क्यों ला रही केंद्र सरकार!

**डॉ. जयंतीलाल भंडारी**

**विपक्षी दल कांग्रेस ने भी इस बिल की आलोचना की। प्रियंका गांधी वाड्रा ने सरकार पर सोशल मीडिया, ओटीटी जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म और निजी तौर पर लिखने और बोलने वालों का मुंह बंद करने का आरोप लगाया। इसी वजह से सरकार सभी की शंका दूर करती नजर आ रही है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सरकार ने सुझाव और टिप्पणियां मांगने की अवधि बढ़ा दी है और दोहराया है कि वह विस्तृत परामर्श के बाद एक नया मसौदा पेश करेगी।**

केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियमन) अधिनियम 1995 में बदलाव करने के लिए केंद्र सरकार ने पिछले साल नवंबर के महीने में प्रसारण सेवा (विनियमन) विधेयक, 2023 का प्रस्ताव रखा था। लगभग एक साल बाद भी यह बिल कानून का रूप नहीं ले पाया है। इसे सदन में बहस के लिए भी नहीं रखा गया है। हालांकि, इस बीच इसमें एक बार बदलाव हो चुका है। अब सरकार इस बिल के लिए नया ड्राफ्ट लाने की बात कह रही है। आइए जानते हैं कि पुराने कानून में बदलाव की जरूरत क्यों है, सरकार को नया ड्राफ्ट क्यों लाना पड़ रहा है और पिछले साल प्रस्तावित बिल अब तक कानून क्यों नहीं बन पाया है।

**नए कानून की जरूरत क्यों ?**

केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियमन) अधिनियम 1995 तीन दशकों से प्रभावी है। यह केबल नेटवर्क सहित सीधे प्रसारण की विषय–वस्तु की निगरानी करने वाले प्राथमिक कानून के रूप में कार्य कर रहा है। हालांकि, इस बीच प्रसारण परिदृश्य में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। तकनीकी प्रगति ने डीटीएच, आईपीटीवी, ओटीटी और विभिन्न एकीकृत मॉडल जैसे नए प्लेटफॉर्म पेश किए हैं। प्रसारण क्षेत्र के डिजिटलीकरण के साथ, विशेष रूप से केबल टीवी में, नियामक प्रारूप को सुव्यवस्थित करने की आवश्यकता बढ़ रही है। डिजिटल मीडिया और सोशल मीडिया पर भी नियंत्रण की जरूरत महसूस की गई है। इसी वजह से सरकार पुराने कानून में बदलाव कर रही है।

**प्रसारण सेवा (विनियमन) विधेयक, 2023 क्या है?**

प्रसारण सेवा (विनियमन) विधेयक, 2023 देश में प्रसारण सेवाओं को विनियमित करने के लिए एक समेकित प्रारूप का प्रावधान करने के साथ–साथ मौजूदा केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियमन) अधिनियम, 1995 और वर्तमान में देश में प्रसारण क्षेत्र को नियंत्रित करने वाले अन्य नीति दिशानिर्देशों में बदलाव लाने का प्रयास करता है। इस बिल में टीवी के साथ ओवर द टॉप (**OTT**), सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और करंट अफेयर्स को भी शामिल किया गया है। इस ड्रॉफ्ट के अनुसार ऑनलाइन समाचार और समसामयिक मामलों की सामग्री तैयार करने वाली संस्थाओं और व्यक्तियों को डिजिटल समाचार प्रसारक माना गया है। इसमें न्यूज़लेटर, सोशल मीडिया पोस्ट, वीडियो और पॉडकास्ट बनाने वाले भी शामिल हैं। इंटरनेट सेवा प्रदाता, सोशल मीडिया पोर्टल और ऑनलाइन सर्च इंजन को मध्यस्थ माना गया है। हालांकि, सरकार ने नया बिल लाने की बात कही है, जिसमें यह परिभाषा बदल सकती है।

**प्रसारण सेवा (विनियमन) विधेयक, 2023 में क्या था नियम?** प्रसारण सेवा (विनियमन) विधेयक, 2023 के अनुसार डिजिटल समाचार प्रसारकों को अपने काम के बारे में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय (**MIB**) को सूचित करना अनिवार्य है। उन्हें अपने कंटेंट की देखरेख करने के लिए एक मूल्यांकन समिति भी नियुक्त करनी होगी, ऐसा न करने पर उन पर भारी जुर्माना लगाया जा सकता है। पहली बार नियम का उल्लंघन करने पर 50 लाख रुपये और अगले तीन साल के दौरान दूसरी बार उल्लंघन के लिए 2.5 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने का प्रावधान है।

**नया बिल क्यों ला रही सरकार?**

प्रसारण सेवा (विनियमन) विधेयक, 2023 में काफी सख्त नियम हैं और इसकी काफी आलोचना हुई है। कहा गया कि यह विधेयक डिजिटल समाचार प्रसारकों के लिए सुचारू संचालन पर कम और सेंसरशिप की तरफ ज्यादा झुका हुआ प्रतीत होता है। इसके अलावा कई लोगों ने इस विधेयक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर पाबंदी का जरिया बताया। डिजीपब और एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया जैसे समूहों ने दावा किया कि इस बिल को बनाने से पहले डिजिटल मीडिया संगठनों और नागरिक समाज संघों से कोई बात नहीं की गई।

विपक्षी दल कांग्रेस ने भी इस बिल की आलोचना की। प्रियंका गांधी वाड्रा ने सरकार पर सोशल मीडिया, ओटीटी जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म और निजी तौर पर लिखने और बोलने वालों का मुंह बंद करने का आरोप लगाया। इसी वजह से सरकार सभी की शंका दूर करती नजर आ रही है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सरकार ने सुझाव और टिप्पणियां मांगने की अवधि बढ़ा दी है और दोहराया है कि वह विस्तृत परामर्श के बाद एक नया मसौदा पेश करेगी।




## बिजनेस

# डिजिटल पेमेंट्स में हुए है 2 बड़े बदलाव, सब हो जाएगा बेहद आसान

**नई दिल्ली**।डिजिटल पेमेंट्स की दुनिया में एक बार फिर भारतीय रिजर्व बैंक ने दो बदलाव किए हैं। इन बदलावों से न केवल आम लोगों की जिंदगी आसान होगी बल्कि देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था को भी नई ऊंचाइयां मिलेंगी। बता दें कि इसमें कर भुगतान और 'डेलीगेटेड पेमेंट्स' फीचर शामिल है। आइए इन बदलावों के बारे में विस्तार से जानते हैं

भारतीय रिजर्व बैंक ने डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने और नकद लेनदेन को कम करने के अपने अभियान के तहत महत्वपूर्ण कदम उठाया है। बैंक ने यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी वढकके जरिए से कर भुगतान की अधिकतम सीमा को बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दिया है। पहले यह सीमा 1 लाख रुपये प्रति लेनदेन थी।




इस निर्णय से बड़े मूल्य के कर भुगतान करने वाले करदाताओं को काफी सुविधा होगी। अब उन्हें एक ही लेनदेन में अधिक राशि का भुगतान करने की सुविधा मिलेगी। यह कदम डिजिटल भुगतान को और अधिक लोकप्रिय बनाने में मदद करेगा और देश में डिजिटल अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा।

दूसरा बड़ा बदलाव वढकमें एक नया **"Delegated Payments"** फीचर पेश किया गया है। आपने कभी सोचा है कि आप अपने बैंक खाते का इस्तेमाल किसी और को करने दें, जैसे कि आपके बच्चे या बुजुर्ग माता–पिता? अब यह संभव है! **Delegated Payments** के साथ, आप किसी दूसरे व्यक्ति को एक लिमिट तक अपने बैंक खाते से वढकलेनदेन करने की परमिशन दे सकते हैं। इसका मतलब है कि आपको अपने बैंक खाते से जुड़ा एक अलग वढकआईडी बनाने की आवश्यकता नहीं है।

**इससे क्या फायदा होगा?**

बच्चों और बुजुर्गों के लिए आसानीः अब बच्चों को पॉकेट मनी लेने के लिए या बुजुर्गों को दैनिक जरूरतों के लिए भुगतान करने के लिए किसी पर डिपेंड रहने की जरूरत नहीं है। इस सुविधा से वढकका उपयोग और बढ़ेगा, क्योंकि अब अधिक से अधिक लोग इसे अपनाएंगे।

**कैसे करता है काम?**

यह सुविधा आपको किसी अन्य व्यक्ति को आपके बैंक खाते से जुड़े वढक आईडी का यूज करने की परमिशन देती है। आप इस लिमिट को अपनी सुविधा के अनुसार सेट कर सकते हैं।

# आधार कार्ड को एड्रेस प्रूफ के तौर पर यहां नहीं कर सकते यूज, जानें क्या है वजह?

**नई दिल्ली**।आधार कार्ड एक ऐसा दस्तावेज है जिसका इस्तेमाल कई तरह के काम के लिए किया जाता है। बच्चों का स्कूल में दाखिला कराना हो या फिर कॉलेज में एडमिशन कराना हो, इसके लिए आधार कार्ड का यूज जरूरी हो जाता है। ये दस्तावेज पहचान पत्र के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। कई जगहों पर एड्रेस प्रूफ के तौर पर आधार कार्ड का इस्तेमाल होता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि एक जरूरी दस्तावेज में से आधार कार्ड हर जगह जरूरी नहीं होता है।

सरल भाषा में कहें तो आधार कार्ड का इस्तेमाल हर जगह एड्रेस प्रूफ या किसी अन्य प्रूफ तौर पर नहीं किया जा सकता है। कई काम हैं जहां पर आधार का इस्तेमाल नहीं होता है। आइए जानते हैं कि आधार कार्ड का इस्तेमाल कहां–कहां नहीं किया जा सकता है?

**हर जगह नहीं है आधार जरूरी**

पासपोर्ट बनवाने के समय

पासपोर्ट बनवाते समय आधार की खास जरूरत नहीं होती है। एड्रेस प्रूफ के तौर पर आधार कार्ड का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। इसे एड्रेस के तौर पर एक जरूरी दस्तावेज नहीं माना जाता है।




**पैन कार्ड बनवाते समय**

पैन कार्ड बनवाते समय भी आधार कार्ड को एक जरूरी दस्तावेज नहीं माना गया है। इसके लिए आधार कार्ड के एनरोलमेंट आईडी नंबर की कोई मान्यता नहीं होती है।

**आईटीआर भरने के दौरान**

आधार कार्ड को भले ही बैंक की ओर से एक जरूरी दस्तावेज माना गया है लेकिन आईटीआर भरने के दौरान इसका इस्तेमाल करना जरूरी नहीं है। आधार कार्ड की एनरोलमेंट आईडी इन सभी कामों में वैध नहीं है।

**क्या है वजह?**

भारत में पहला आधार कार्ड साल 2010 में जारी किया गया था, जिसके बाद करोड़ों भारतीयों ने आधार कार्ड बनवाया और अभी तक बनवाया जाता है।

इसका इस्तेमाल कई कामों में जरूरी भी है, लेकिन पासपोर्ट बनवाते समय या पैन कार्ड को बनवाने के दौरान इसका यूज नहीं किया जा सकता है। आधार कार्ड एड्रेस प्रूफ के तौर पर अपनाने से इसलिए मना किया गया है क्योंकि इससे ये जाना नहीं जा सकता कि शख्स आधार में मौजूद पते पर कितने समय से रह रहा है। क्या आधार का पता उस शख्स के करंट पते से मैच कर रहा है या नहीं।

# हिंडनबर्ग की रिपोर्ट का बाजार पर कैसा रहा असर, गिरावट के बाद सेंसेक्स फिर 80 हजार के पार

**नई दिल्ली**। हंडनबर्ग रिसर्च द्वारा सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया यानी रएइककी अध्यक्ष माधवी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच पर लगाए गए गंभीर आरोपों के बाद ऐसा कहा जा रहा था कि इसका सीधा असर सोमवार को भारतीय शेयर बाजार में देखने को मिलेगा लेकिन आज ऐसा कुछ नहीं हुआ। शेयर मार्केट हफ्ते के पहले कारोबारी दिन मामूली गिरावट के साथ कारोबार करता दिखा। जबकि 11 बजे के बाद फिर से सेंसेक्स 80 हजार के पार पहुंच गया।

> **सेबी चीफ माधवी पुरी बुच ने आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया और बेबुनियाद बताया था। इस मामले पर उनका कहना है कि जब अडानी ग्रुप के खिलाफ आरोप लगे थे तब ग्रुप को कारण बताओं नोटिस भेजा गया था और आरोपी की जांच हुई थी इसलिए ये अब बुनियाद है। आज सेंसेक्स सुबह 9 बजे 200 अंक से ज्यादा की गिरावट के साथ 79,450 के लेवल पर ओपन हुआ।**

इसी बीच सेबी चीफ माधवी पुरी बुच ने आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया और बेबुनियाद बताया था। इस मामले पर उनका कहना है कि जब अडानी ग्रुप के खिलाफ आरोप लगे थे तब ग्रुप को कारण बताओं नोटिस भेजा गया था और आरोपी की जांच हुई थी इसलिए ये अब बुनियाद है।

आज सेंसेक्स सुबह 9 बजे 200 अंक से ज्यादा की गिरावट के साथ 79,450 के लेवल पर ओपन हुआ। हालांकि इस दौरान अडानी के शेयर्स में गिरावट देखने को मिली। जबकि निफ्टी में भी करीब 50 अंक की मामूली गिरावट देखने को मिल थी लेकिन अब 12 बजे तक मार्केट फिर से हरे निशान में कारोबार कर रही है।

**निवेशकों को 53000 करोड़ का नुकसान :** आज मार्केट ओपन होते ही करीब 9:30 बजे के आस–पास अडानी ग्रुप की कंपनियों के शेयर्स में 7% तक की गिरावट आई, जिससे




निवेशकों को लगभग 53,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है, क्योंकि 10 अडानी शेयर्स का कंबाइंड मार्केट कैपिटलाइजेशन गिरकर 16.7 लाख करोड़ रुपये हो गया है। यह तब हुआ जब अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग ने एक रिपोर्ट में सेबी प्रमुख के खिलाफ आरोप लगाए थे। हालांकि अब 12 बजे तक ये सभी शेयर्स काफी अच्छा रिकवर कर चुके हैं और 4% तक गिरावट पर बने हुए हैं।

**अमेरिकी बाजार में उछाल**

दूसरी तरफ शुक्रवार को अमेरिकी बाजार का डाओ जोंस 0.13% की बढ़त के बाद 39,497 के लेवल पर क्लोज हुआ। जबकि नैस्डैक भी 0.51% की बढ़त के बाद 16,745 के लेवल पर क्लोज हुआ था। **S&P**500 में भी 0.47% की तेजी देखने को मिली थी जिसके बाद ये 5,344 के लेवल पर क्लोज हुआ।

वहीं, अगर आप क्हड में इन्वेस्ट करने की सोच रहे हैं तो आपके लिए गुड न्यूज है। आज से सरस्वती साड़ी डिपो लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी क्हड ओपन हो चुका है। इन्वेस्टर्स 14 अगस्त तक इस क्हड के लिए अप्लाई कर सकते हैं।

सब का सपना

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा आर्यावर्त प्रिंटर्स सौम्या सदन गोकुल बिहार, अमरोहा उत्तर प्रदेश 244221 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 244242 से प्रकाशित।

संपादक : अनुज कुमार

R.N.I. No. : UPHIN/2023/86483

मोबाइल नंबर

9456884327

E-Mail :-
Officialsabkasapna@gmail.com

www.sabkasapna.com

नोट– समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।

# ओलंपिक में पिछड़ क्यों जाता है भारत?

## 140 करोड़ का देश पेरिस में 1 गोल्ड भी नही जीत पाया, भारत सरकार ने खेलो इंडिया प्रोग्राम के जरिए निवेश को बढ़ाया

**टोक्यो के मुकाबले पेरिस ओलंपिक भारतीयों के लिए निराशाजनक रहा है। टोक्यो के मुकाबले पेरिस ओलंपिक भारतीयों के लिए निराशाजनक रहा है।पेरिस ओलंपिक में भारत को 6 मेडल मिले, जिनमें 5 कांस्य पदक थे, वहीं नीरज चोपड़ा को एक सिल्वर मेडल मिला। इन 6 पदकों के साथ भारत पदक तालिका में 71वें स्थान पर रहा। हांगकांग, ताइवान, उत्तर कोरिया, क्यूबा और 2 लाख से भी कम की आबादी वाला देश सेंट लूसिया भी पदकों के मामले में भारत से आगे रहे। टोक्यो ओलंपिक में भारत ने एक गोल्ड के साथ सात मेडल जीते थे।**






### विनेश फोगाट का मामला
पेरिस ओलंपिक में विनेश फोगाट के साथ जो हुआ है, वह बताता है कि हमारा खेल प्रशासन किस तरह काम करता है। खिलाडियों को मिलने वाला सपोर्ट स्टाफ कैसा है? फोगाट का पेरिस ओलंपिक में सिल्वर मेडल पक्का था, विनेश गोल्ड भी जीत सकती थी, लेकिन 100 ग्राम वजन ज्यादा होने के चलते उन्हें अयोग्य करार दिया गया। ये विनेश के सपोर्ट स्टाफ की लापरवाही थी।

### 24 साल दो गोल्ड
पिछले 24 साल में भारत ने सिर्फ 2 गोल्ड मेडल जीते हैं। बीजिंग ओलंपिक 2008 में अभिनव बिंद्रा ने 10 मीटर राइफल शूटिंग में सोना जीता, वही टोक्यो ओलंपिक में नीरज चोपड़ा ने जैवलिन में गोल्ड हासिल किया। 36 ओलंपिक में हिस्सा लेने के बावजूद भारत सिर्फ 28 मेडल जीत पाया है। इतने ओलंपिक मेडल तो अमेरिकी तैराक माइकल फेलप्स ने अकेले जीते हैं।

### खेल मंत्री ने गिनाया खर्चा
विनेश फोगाट के फाइनल से अयोग्य करार दिए जाने के बाद लोकसभा में बोलते हुए खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा था कि सरकार ने विनेश फोगाट की ट्रेनिंग और सपोर्ट स्टाफ पर 75 लाख रूपया खर्च किया है। मंडाविया के इस बयान से बवाल मच गया, लेकिन खेल मंत्री के इस बयान ने सिस्टम की हकीकत को उघाड़ दिया। अगर मेडल विजेताओं पर खर्च की दूसरे देशों से तुलना करें तो पाएंगे कि विनेश फोगाट पर सरकार द्वारा किया गया खर्च उंट के मुंह में जीरा के समान है।

### सिमोन बाइल्स का उदाहरण
अमेरिका की स्टार जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स ने टोक्यो ओलंपिक से अपना नाम वापस ले लिया था। वे उन दिनों मैंटल हेल्थ से जूझ रही थी, लेकिन फिर भी लगातार तीन सालों तक अमेरिकी सरकार ने आर्थिक तौर पर उन्हें लगातार सपोर्ट किया। इधर भारत में एक खिलाड़ी को तीन–चार महीने के लिए तब मदद मिलती है, जब वह ओलंपिक के लिए क्वलिफाई कर जाता है। अपनी किताब पूअर इकोनॉमिक्स में नोबेल पुरस्कार विजेता अभिजीत बनर्जी और एस्तेर डुफ्लो ने ओलंपिक खेलों में भारत के खराब प्रदर्शन के लिए कुपोषण को जिम्मेदार ठहराया है। और सरकार से हेल्थ सेक्टर में ज्यादा निवेश करने की मांग की है। ये सच है कि भारत गरीब है, लेकिन कैमरून, इथियोपिया, घाना, हैती, केन्या, मोजाम्बिक, नाइजीरिया, तंजानिया और युगांडा से ज्यादा गरीब नही है।

पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। 117 एथलीट्स का भारतीय दल एक गोल्ड मेडल नहीं जीत पाया, और एक रजत पदक के लिए उसे 13 दिन इंतजार करना पड़ा, जब नीरज चोपड़ा ने जैवलिन थ्रो में सिल्वर मेडल अपने नाम किया। सवाल ये है कि आखिर 140 करोड़ का देश ओलंपिक में पदक क्यों नहीं जीत पाता, क्यों उसे कांस्य से संतोष करना पड़ता है।

पेरिस ओलंपिक में भारत को 6 मेडल मिले, जिनमें 5 कांस्य पदक थे, वहीं नीरज चोपड़ा को एक सिल्वर मेडल मिला। इन 6 पदकों के साथ भारत पदक तालिका में 71वें स्थान पर रहा। हांगकांग, ताइवान, उत्तर कोरिया, क्यूबा और 2 लाख से भी कम की आबादी वाला देश सेंट लूसिया भी पदकों के मामले में भारत से आगे रहे। टोक्यो ओलंपिक में भारत ने एक गोल्ड के साथ सात मेडल जीते थे।

खेलो इंडिया के जरिए निवेश को बढ़ावा हालिया वर्षों में भारत सरकार ने खेलो इंडिया प्रोग्राम के जरिए निवेश को बढ़ाया है। इस साल खेल मंत्रालय को 3400 करोड़ से ज्यादा का फंड दिया गया है। पिछले वित्तीय वर्ष में यह 3300 करोड़ के करीब था। ये बात ध्यान रखी जानी चाहिए कि सरकार ने भले बजट बढ़ाया हो, लेकिन एक बड़ी आबादी के लिए यह बहुत कम है। खिलाड़ियों पर अगर लगातार निवेश किया जाए तो हमें बेहतर परिणाम मिलते हैं। ये हमने हॉकी के मामले में देखा है। टोक्यो के बाद पेरिस ओलंपिक में भारत ने लगातार कांस्य पदक जीता है। टोक्यो में आया मेडल 41 साल बाद हमें मिला था। एक समय हॉकी में भारत का दबदबा था, 8 गोल्ड के साथ भारत ने कुल 13 मेडल सिर्फ हॉकी में जीते हैं। लेकिन 1980 के बाद हॉकी में हमारा प्रदर्शन गिरा।



## लड़के से लड़की बनी एथलीट का हो रहा हैरेसमेंट



**पेरिस** ओलंपिक खेलों में विवादों का हिस्सा रही अल्जीरियाई मुक्केबाज ईमान खलीफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के खिलाफ कानूनी शिकायत दर्ज की है। उन्होंने 'ऑनलाइन उत्पीड़न' के लिए औपचारिक कानूनी शिकायत दर्ज कराई है।

स्वर्ण पदक विजेता के वकील ने शनिवार को कहा कि उन्होंने फ्रांस में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। खलीफ के अलावा ताइवान के लिन यू–टिंग भी जेंडर कंट्रोवर्सी का हिस्सा था। इस कंट्रोवर्सी के बाद सोशल मीडिया पर इन दोनों खिलाड़ियों का काफी ज्यादा मजाक उड़ाया गया था।

फ्रांसीसी अखबार ले मोंडे ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि ऑनलाइन उत्पीड़न से निपटने के लिए बॉक्सिंग चैंपियन ने पेरिस करेक्शन कोर्ट में सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। खलीफ के वकील नबील बौदी ने कहा कि शिकायत शुक्रवार को दायर की गई थी।उन्होंने अपने बयान में कहा, 'मुक्केबाज इमान खलीफ ने एक नई लड़ाई शुरू करने का फैसला किया है। ये लड़ाई उनके न्याय, गरिमा और सम्मान के लिए होगी। खलीफ ने कहा, 'सोशल मीडिया में जो बारे में कहा जा रहा है, वो अनैतिक है। मैं दुनिया भर के लोगों की सोच को बदलना चाहती हूं।

खलीफ के वकील नबील बौदी ने कहा कि ऑनलाइन इस नफरत को भड़काया गया है। इस जांच के बाद ये बात सामने आएगी कि इसके पीछे कौन था। इसके अलावा हम उन लोगों के बारे में भी सोचना होगा, जो ऑनलाइन लिंचिंग को बढ़ावा देते हैं।

## फ्रेंचाइजी कर सकती है कोचिंग स्टाफ में बदलाव

नई दिल्ली



टीम इंडिया के पूर्व हेड कोच राहुल द्रविड़ एक बार फिर से आईपीएल में वापसी कर सकते हैं। राजस्थान रॉयल्स उन्हें अगले सीजन में टीम का कोच बना सकती है। टीम इंडिया के हेड कोच के रूप में उनकी कार्यकाल टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद खत्म हो गया है।

उनकी कोचिंग में भारत ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब जीता था। इसके अलावा 2023 के वर्ल्ड कप के फाइनल में भी जगह बनाई थी। अगर राहुल द्रविड़ राजस्थान के कोच बनते हैं तो श्रीलंका के पूर्व खिलाड़ी कुमार संगकारा को हेड कोच का पद छोड़ना पड़ सकता है। राहुल द्रविड़ पहले भी राजस्थान के कोच के रूप में नजर आ चुके हैं।

2021 से कुमार संगकारा राजस्थान टीम के क्रिकेट निदेशक और मुख्य कोच की भूमिका में नजर आ रहे हैं। उनकी कोचिंग में राजस्थान रॉयल्स का प्रदर्शन अच्छा रहा है। टीम ने 2022 आईपीएल सीजन में फाइनल में फाइनल में जगह बनाई थी, जहां उसे गुजरात टाइटंस के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। आईपीएल 2024 में राजस्थान की टीम तीसरे स्थान पर रही थी। राजस्थान को क्वलिफायर 2 में सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

इससे पहले क्रिकबज ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि मैथ्यू मॉट की जगह इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) कुमार संगकारा को अपने व्हाइट–बॉल फॉर्मेट में कोच बनाना चाहता है। टी20 विश्व कप 2024 में इंग्लैंड के सेमीफाइनल से बाहर होने मैथ्यू मॉट ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इंग्लैंड की टीम वनडे विश्व कप 2023 के सेमीफाइनल में भी जगह नहीं बना पाई थी। एक खिलाड़ी के रूप में कुमार संगकारा का रिकॉर्ड बेहद शानदार रहा है। वो दुनिया के उन चुनिंदा खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्होंने क्रिकेट में 27000 से ज्यादा रन बनाए हैं। एक कोच के रूप में भी कुमार संगकारा ने खुद को साबित किया है। ऐसे में एडइ ने इंग्लैंड की लिमिटेड ओवर की टीम का कोच बना सकता है।

## टेस्ट सीरीज के लिए बांग्लादेश ने किया टीम का ऐलान

नई दिल्ली



पाकिस्तान के खिलाफ 21 अगस्त से रावलपिंडी में शुरू होने वाली आगामी दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने टीम का ऐलान कर दिया है। 15 सदस्यीय टीम में तस्कीन अहमद की वापसी हुई है। तस्कीन अहमद ने अपना आखिरी टेस्ट मैच जून 2023 में टेस्ट खेला था। कंधे की चोट की वजह से उन्होंने टेस्ट क्रिकेट से ब्रेक लिया था। हाल में ही उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में वापसी की इच्छा जताई है। इस दौरान उन्होंने बोर्ड से कहा था कि वो टेस्ट क्रिकेट में खेल सकते हैं।

तेज गेंदबाज के चयन पर बोलते हुए राष्ट्रीय चयन पैनल के अध्यक्ष गाजी अशरफ हुसैन ने कहा, ₹हमने पांच तेज गेंदबाजों का चयन किया है। तस्कीन सिर्फ दूसरा टेस्ट मैच ही खेलंगे। उन्होंने पिछले एक साल से कोई भी टेस्ट मैच में नहीं खेला है। ऐसे में उन्हें पाकिस्तान ए के खिलाफ दूसरे चार दिवसीय मैच के लिए 'ए' टीम में शामिल करने का फैसला किया है, ताकि वो अपनी लय हासिल कर सके। उन्होंने आगे कहा, कुछ तेज गेंदबाजों को वनडे सीरीज के लिए शामिल किया गया है। हमें हमें बैकअप की जरूरत है। हमारे बोलिंग अटैक में विविधता है। कुछ तेज गेंदबाजी कर सकते हैं तो कुछ गेंद को स्विंग करा सकते हैं। मैं उन्हें क्रिकेट के मैदान पर देखने के लिए उत्सुक हूं।

## मां–बाप के गुजरने के बाद अमन सहरावत को किसने संभाला?



**भारत** के स्टार रेसलर अमन सहरावत ने पेरिस ओलंपिक में ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा जमाया। महज 21 साल की उम्र में अमन सहरावत ने पदक जीतकर इतिहास रचा। उन्होंने फ्रीस्टाइल कुश्ती 57 किग्रा में पदक अपने नाम किया। कम उम्र में सफलता के झंडे गाड़ने वाले अमन सहरावत का सफर इतना आसान नहीं रहा। अमन के मां–बाप बचपन में ही गुजर गए थे। जब वह महज 11 साल के थे, लेकिन अमन का हौसला नहीं टूटा। उन्होंने मां–बाप के सपने को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत की और आज वे सफलता के 'पोडियम' पर खड़े हैं। अमन सहरावत ने न्यूज 24 से खास बातचीत में अपनी सफलता से जुड़े कई राज खोले।

**बचपन का सपना**

अमन ने कहा– मेरा बचपन से ही सपना था कि ओलंपिक में मेडल लेकर आना है। ये सपना अब पूरा हुआ, लेकिन गोल्ड लाने का सपना अब भी बाकी है। लोगों को लगता है कि सफलता आसानी से मिल जाती है, लेकिन इसके लिए मैंने 10 साल कड़ी मेहनत की। इन 10 साल में मैंने एक दिन का भी रेस्ट नहीं लिया। अमन ने इस दौरान विनेश फोगाट के मामले पर भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा– वजन बढ़ना बड़ी बात नहीं है। मेरा वजन भी करीब 4.5 किलो बढ़ गया था। जिसे मैंने कम किया, लेकिन हम वजन घटाने के बाद एनर्जी बढ़ाने वाली चीजें लेते हैं। ऐसे में कभी–कभी मेरा भी 3 किलो बढ़ जाता है।

फाइट के दौरान दिमाग में क्या चलता है? इसके जवाब में अमन ने कहा– हम लोग पहले से ही प्लानिंग करके आते हैं। शुरू के 4 मिनट में अगर स्कोर क्लोज चला जाए तो कोई बात नहीं, हमें लास्ट के 2 मिनट में जीत के लिए गैप बड़ा बनाना है। अमन ने आगे कहा– इस बार थोड़ी कमी रह गई। मुझे बस इतना ही कहना है कि इस ओलंपिक में जो कमी रही है, वह अगले में न रहे।

# ओलंपिक के मेडल विजेताओं को क्या–क्या मिलेगा?

नई दिल्ली

भारत ने इस ओलंपिक में कुल 6 पदक जीते हैं। जबकि इससे पहले टोक्यो ओलंपिक में भारत ने कुल 7 पदक अपने नाम किए थे। भारत ने इस बार ये मेडल शूटिंग, कुश्ती, एथलेटिक्स और हॉकी की स्पर्धा में अपने नाम किए हैं। वहीं, भारत के 6 एथलीट ने चौथे स्थान पर रहकर अपने अभियान को समाप्त किया है। इसके अलावा भारत की महिला पहलवान विनेश फोगाट को इस ओलंपिक में फाइनल मैच से पहले अयोग्य करार दे दिया गया, जिससे भारत को एक पदक का नुकसान हुआ। इस बीच हम इस रिपोर्ट में आपको उन एथलीट्स के बारे में बताते हैं, जिन्होंने भारत के लिए पेरिस ओलंपिक में मेडल जीता है और उन्हें क्या पुरस्कार मिले हैं।

**मनु भाकर झ शूटिंग :** मनु भाकर ने ओलंपिक के एक ही संस्करण में 2 पदक जीतकर इतिहास रच दिया। मनु भाकर पेरिस ओलंपिक–2024 के समापन समारोह में भारत की हॉकी टीम के गोलकीपर पीआर श्रीजेश के साथ भारत की ध्वजवाहक भी बनीं थीं। मनु भाकर आजाद भारत के इतिहास में एक ही ओलंपिक में 2 पदक जीतने वाली पहली एथलीट बन चुकी हैं। मनु भाकर को युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने 30 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया है।

**सरबजोत सिंह झ शूटिंगः** हरियाणा के रहने वाले सरबजोत सिंह ने मनु भाकर के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। सरबजोत सिंह को युवा मामले और खेल मंत्रालय की ओर से केंद्रीय खेलमंत्री मनसुख मंडाविया ने 22.5 लाख रुपये का नकद इनाम दिया है। हरियाणा सरकार ने सरबजोत सिंह को नौकरी भी दी है, लेकिन सरबजोत सिंह ने नौकरी को ठुकरा दिया है।

**स्वप्निल कुसाले झ शूटिंगः** स्वप्निल कुसाले ओलंपिक में पुरुषों की 50 मीटर एयर राइफल पोजीशन–3 स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाले पहले भारतीय निशानेबाज बन गए हैं। स्वप्निल की इस सफलता पर सेंट्रल रेलवे ने उन्हें नौकरी दी है, साथ ही स्वप्निल को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने 1 करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार दिया है।




**भारतीय हॉकी टीम झ पुरुषः** भारत की हॉकी टीम (पुरुष) ने पेरिस ओलंपिक–2024 में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। टीम इंडिया ने ब्रॉन्ज मेडल मैच में स्पेन को 2–1 के अंतर से हराकर ये मेडल अपने नाम किया था। हॉकी इंडिया ने टीम के प्रत्येक सदस्य के लिए 15 लाख रुपये और सहयोगी स्टाफ के प्रत्येक सदस्य के लिए 7.5 लाख रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की है। वहीं, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी ने डिफेंडर अमित रोहिदास के लिए 4 करोड़ रुपये के पुरस्कार की घोषणा की है। साथ ही उन्होंने हॉकी टीम के प्रत्येक खिलाड़ी के लिए 15 लाख रुपये और प्रत्येक सहयोगी स्टाफ सदस्य के लिए 10 लाख रुपये के पुरस्कार की भी घोषणा की है। इसके अलावा पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पंजाब के खिलाड़ियों को 1–1 करोड़ रुपये के पुरस्कार की घोषणा की है। इसमें कप्तान हरमप्रीत सिंह भी शामिल हैं।

**नीरज चोपड़ा झ एथलेटिक्स :** नीरज चोपड़ा ने लगातार दूसरी बार ओलंपिक में पदक जीता है। नीरज ने टोक्यो ओलंपिक–2020 में एथलेटिक्स की जैवलिन थ्रो की स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीता था। इस बार पेरिस ओलंपिक–2024 में नीरज ने इसी स्पर्धा में सिल्वर पदक जीता है। नीरज चोपड़ा को मिले नकद पुरस्कार के बारे में अब तक कोई भी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन उम्मीद है कि उन्हें विभिन्न स्त्रोतों से कई पुरस्कार मिलेंगे। टोक्यो ओलंपिक–2020 में जब नीरज चोपड़ा ने गोल्ड मेडल जीता था तो उन्हें हरियाणा सरकार ने 6 करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार दिया था।

**अमन सहरावत झ कुश्तीः** अमन सहरावत ने पेरिस ओलंपिक–2024 में डेब्यू किया था। अपने पहले ही ओलंपिक में अमन सहरावत ने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम कर लिया। अमन पेरिस ओलंपिक–2024 में कुश्ती की स्पर्धा में पदक जीतने वाले एकमात्र भारतीय पहलवान थे। उन्होंने कुश्ती की 57 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में ये मेडल जीता था। अमन सहरावत ओलंपिक में पदक जीतने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय एथलीट भी बन चुके हैं। हालांकि अमन सहरावत को मिलने वाले नकद पुरस्कारों के बारे में अब तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। अमन सहरावत हरियाणा के रहने वाले हैं। माना जा रहा है कि आज जब वह भारत लौट आएंगे तो उन्हें हरियाणा सरकार पुरस्कृत करेगी।

